सुविचार

संघर्ष कभी समाप्त नहीं होता, उससे दो दो हाथ हर दिन करना जरुरी है!

RNI : RAJHIN13216/2005

दैनिक
गरीबों का सितारा

।। दशकों पुराना साथ।।

निष्पक्ष कलम — निर्भीक आवाज

"आमजन का अखबार" "जन-जन के विचार"

हर पल अपडेट के लिए Login करें : www.garibonkasitara.com

हमारा ध्येय : निष्पक्ष, निरंतर, निर्भय

वर्ष: 17 अंक: 353 पेज: 8 मूल्य 01 रु. जयपुर, रविवार 16 जुलाई, 2023 Email: garibonkasitara@gmail.com

7 लाख की रिश्वत लेते पूर्व राज्य मंत्री गिरफ्तार

40 लाख रुपये की रिश्वत आरपीएससी के द्वारा आयोजित करवाई जाने वाली परीक्षा में शिकायतकर्ता को पास करवाने के लिए मांगी गई थी

जयपुर। राजस्थान के घुमंतू बोर्ड के पूर्व चेयरमैन गोपाल केसावत को अउइ ने आज जयपुर में ट्रैप किया है। एसीबी ने 7।5 लाख रुपए गोपाल केसावत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया। एसीबी की इस कार्रवाई से राजस्थान में सियासी हलचल तेज हो गई है। भाजपा ने कांग्रेस सरकार पर हमला बोला है। भाजपा ने गोपाल केसावत की राहुल गांधी के साथ की फोटो को शेयर किया है। उपनेता प्रतिपक्ष सतीश पूनियां ने सरकार से सवाल किया है। गोपाल केसावत पिछले दिनों चर्चा में रहे हैं।

बीजेपी ने किया ट्वीट

बीजेपी ने अपने ट्वीटर हैंडल से ट्वीट किया है कि देखिए घुमंतू एवं अर्धघुमंतू कल्याण बोर्ड के पूर्व चेयरमैन गोपाल केसावत,जिन्हें RAS भर्ती परीक्षा पास कराने के लिए 18।5 लाख रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया गया है। कांग्रेस का चरित्र ही भ्रष्टाचार से लिप्त है।

उप नेता प्रतिपक्ष ने किया ट्वीट

उपनेता प्रतिपक्ष डॉ सतीश पूनियां ने ट्वीट किया, "वाह मुख्यमंत्री जी, अब तो स्वीकार कर लीजिए कि युवाओं के करियर और भविष्य की हत्या आपकी सरकार ने ही की है। आपकी सरकार में पूर्व घुमंतू बोर्ड के चेयरमैन रहे गोपाल केसावत लाखों रुपये की रिश्वत लेकर RAS अफसर बनाते हैं। यह तो असलियत सामने आ गई इसलिए पता लग गया, बाकी आपकी सरकार के पाप की गहराई कितनी है, यह प्रदेश का हर युवा जानता है।" इस ट्वीट के सियासत गर्मा गई है।

ऐसे हुई गिरफ्तारी

ASP बजरंग सिंह शेखावत ने बताया कि कार्रवाई सीकर यूनिट ने की है। हम तो मदद के लिए गए थे। वहां पर किसी ने शिकायत की थी कि आरपीएससी में भर्ती के नाम पर पैसे लिए जा रहे हैं। अनिल और ब्रह्मप्रकाश ने 18.50 लाख रुपए लिए और उसके बाद रविंद्र नाम के तीसरे व्यक्ति ने 7.5 लाख रुपए गोपाल केसावत को दिए। उसी समय रंगे हाथ एसीबी की टीम ने गिरफ्तार कर लिया गया। इसमें 500 और 2000 रुपए की नोटें हैं। कार्रवाई की जा रही है।

जयपुर में पकड़ी गई एक करोड़ की कोकीन

दो विदेशी दिल्ली से जयपुर लेकर आए, बिना वीजा और पासपोर्ट के इंडिया आए

जयपुर। जयपुर क्राइम ब्रांच ने शनिवार दोपहर एक करोड़ रुपए की कोकीन पकड़ी है। बिना वीजा के आए दो विदेशी तस्कर दिल्ली से कोकीन लाए थे। क्राइम ब्रांच की टीम दोनों विदेशी तस्करों से पूछताछ कर रही है। इनके कब्जे से कोकीन के साथ 1 लाख रुपए कैश भी बरामद किया गया है।

CI (क्राइम ब्रांच) रामसिंह नाथावत ने बताया- कोकीन तस्करी में आरोपी थीडेमारविलस और जालकिमानुअल निवासी नाइजीरिया (साउथ अफ्रीका) के रहने वाले है। CID क्राइम ब्रांच ने दोपहर को सूचना पर जवाहर नगर की सिंधी कॉलोनी में कार्रवाई की। घेराबंदी कर दो नाइजीरियन को पकड़ा गया। तलाश लेने पर उनके पास कोकीन और 1 लाख रुपए कैश मिले।

क्राइम ब्रांच ने कोकीन तस्करी में दोनों आरोपियों को अरेस्ट किया। इनके कब्जे से मिली 58 ग्राम कोकीन और कैश को भी जब्त किया गया। क्राइम ब्रांच की पूछताछ में सामने आया है कि अरेस्ट दोनों नाइजीरियन बिना वीजा और पासपोर्ट के इंडिया में ठहरे हुए थे। दिल्ली से बस-ट्रेन के जरिए जयपुर में कोकीन की सप्लाई देने आए थे। पकड़ी गई कोकीन की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग एक करोड़ रुपए आंकी गई है।

भेंट : पीएम मोदी ने इमैनुएल मैक्रों को दिया 'चंदन का सितार'

जांगिड़ परिवार के शिल्पगुरु विनोद जांगिड ने बनाया खास

गिफ्ट देखकर खुशी से गदगद हुए थे फ्रांस के राष्ट्रपति

सितारा न्यूज नेटवर्क

जयपुर/दिल्ली/जनीश सिंह। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों को चंदन का सितार उपहार में दिया था। संगीत वाद्ययंत्र सितार की यह अनूठी प्रतिकृति शुद्ध चंदन से बनी थी। चंदन की लकड़ी पर नक्काशी की कला उत्कृष्ट और प्राचीन शिल्प है जिसका काम दक्षिणी भारत में सदियों से किया जाता रहा है। सितार को जाँगिड परिवार के शिल्पगुरु विनोद जांगिड ने बेहद खास तरीके से बनाया है। उन्होंने बताया कि इसको बनाने में करीब एक महीने का समय लगा और इसमें विनोद के पुत्र कमलेश और कपिल ने उनके साथ काम किया और इसको तैयार किया। इस परिवार के 9 सदस्यों को नेशनल अवार्ड मिला हुआ है और इसका लिम्का और इंडिया बुक रिकॉर्ड भी बना हुआ है। जानकारी में बताया गया कि इस रेप्लिका को मोर के साथ चित्रित किया गया है। मोर भारत का राष्ट्र पक्षी है। कारपेंटर में खास बताया कि पीएम मोदी द्वारा फ्रांस के राष्ट्रपति को गिफ्ट किए गए सितार पर ज्ञान, संगीत, कला, ज्ञान और शिक्षा की देवी सरस्वती की वीणा पकड़े हुए छवियां हैं, साथ ही बाधाओं को दूर करने वाले भगवान गणेश की छवि भी है। इस पर भारत का राष्ट्र पक्षी मोर भी उकेरा गया है। सितार पर की गई नक्काशी भारतीय संस्कृति के असंख्य रूपांकनों को दशार्ता है। पीएम मोदी जब भी विदेश दौरे पर गए या फिर कोई भी विदेशी मेहमान मोदी से मिलने पहुंचा तो उसे उन्होंने कुछ खास गिफ्ट दिया। इसकी एक लंबी फेहरिस्त है।

चंद्रयान-3 पृथ्वी की अगली कक्षा में पहुंचा

बेंगलुरु। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के वैज्ञानिकों ने शनिवार को चंद्रयान -3 की पहली ऑर्बिट रेजिंग की प्रक्रिया को सफलतापूर्वक पूरा किया। यानी चंद्रयान अब पृथ्वी की अगली और पहले से बड़ी कक्षा में पहुंच गया है। ये प्रोसेस इसरो के बेंगलुरु स्थित टेलीमेट्री ट्रैकिंग एंड कमांड नेटवर्क (क्ळफ्अउ) से कंट्रोल की गई। 31 जुलाई तक ऑर्बिट रेजिंग की प्रक्रिया 4 बार और की जाएगी। इसरो ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में बताया, ह्यचंद्रयान-3 सही कंडीशन में है। यान एक ऐसी ऑर्बिट (कक्षा) में है, जो पृथ्वी से सबसे नजदीक होने पर 173 किलोमीटर और सबसे दूर होने पर 41,762 किलोमीटर की दूरी पर है।

सरकार बन सकती है और बन रही में फर्क

सीएम गहलोत बोले- मेहनत करनी पड़ेगी, मुझे मालूम है कि हम कहां कमजोर हैं

सितारा न्यूज नेटवर्क

जयपुर। सीएम अशोक गहलोत ने कहा है कि हमारी योजनाओं के कारण लोग कहने लगे हैं कि कांग्रेस सरकार आ सकती है। सरकार आ सकती है और सरकार आ रही है। इसमें बहुत फर्क होता है। इसके लिए मेहनत करनी पड़ेगी। योजनाओं से पब्लिक पर्सेप्शन बदला है, लेकिन सरकार बनाने के लिए बहुत-सी चीजें करनी होती हैं। उसमें कई फैक्टर काम करते हैं। मुझे पता है, हम कहां कमजोर हैं। कहां ठीक हैं। गहलोत प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक को सीएम हाउस से वर्चुअली संबोधित कर रहे थे। गहलोत ने कहा- कांग्रेस पदाधिकारी अगर फील्ड में मेहनत करेंगे तो पब्लिक पर्सेप्शन बदलेगा। अब तक जो लोग कह रहे हैं कि सरकार आ सकती है। आप फील्ड में सरकार की स्कीम्स का माहौल बना दोगे तो एक महीने में ही लोग कहने लगेंगे- कांग्रेस सरकार आ रही है। पहली बार माहौल बना है। आप लोग मेहनत करोगे तो ही हम कामयाब होंगे।

चुनाव जीतने के लिए कई चीजें करनी पड़ती हैं

गहलोत ने कहा- प्रदेश में जो माहौल बना है, वह मेरे अकेले की वजह से नहीं बना है। केवल बजट पेश करना ही सब कुछ नहीं होता। बजट पेश करना और बजट इंप्लीमेंट करना अलग-अलग बात होती है। मैंने अधिकांश घोषणाओं को इंप्लीमेंट करना शुरू कर दिया है। इन सब बातों के बावजूद हमें चुनाव जीतने के लिए कई बातें करनी पड़ती हैं। इनमें व्यवहार भी है, मेहनत और जनसंपर्क सहित कई बातें शामिल हैं।

भाजपा में वॉशिंग मशीन लगी है, दूसरी पार्टी से नेता की एंट्री होते ही पाक साफ

सीएम गहलोत ने महाराष्ट्र में एनसीपी विधायकों के बीजेपी सरकार में शामिल होने के मामले में तंज कसा। गहलोत ने कहा- प्रधानमंत्री ने भोपाल में कहा कि एनसीपी ने 70 हजार करोड़ का घोटाला कर दिया। तीन दिन बाद उसी एनसीपी से विधायक तोड़ लिए और मंत्री बना दिया। भाजपा के पास वॉशिंग मशीन लगी हुई है। जैसे ही दूसरी पार्टी के नेता इनकी पार्टी में शामिल होते हैं, वे पाक साफ हो जाते हैं। तीन दिन पहले जिस एनसीपी पर आरोप लगा रहे थे, उन्हें मंत्री बना दिया। महाराष्ट्र में जिन लोगों ने शपथ ली, उन सब पर ईडी के चार्जेज थे। अजीत पवार पर तो 1000 करोड़ का चार्ज था। बीजेपी सरकार में शामिल होते ही सब पाक साफ हो गए। इनका जिस तरह का बर्ताव है, पता नहीं देश किस दिशा में जाएगा।

पहले सब सिफारिश करवाते हैं, बाद में पांच पदाधिकारी नहीं मिलते

गहलोत ने कहा- पहले पदाधिकारी बनने के लिए लोग सिफारिश करवाते हैं कि हमें कार्यकारिणी में पद मिलना चाहिए। पदाधिकारी बनने के बाद हालत यह हो जाती है कि प्रदेश अध्यक्ष को पांच लोग भी काम करने वाले नहीं मिलते हैं। अध्यक्ष ढूंढता रह जाता है। यह क्या तरीका होता है? जब कोई पदाधिकारी बना है तो वह खुद प्रदेश अध्यक्ष को आकर कहे कि मैं क्या काम कर सकता हूं। पद मिलने के बाद ज्यादातर पदाधिकारी इनएक्टिव हो जाते हैं।

कांग्रेस में धैर्य रखने वालों को पद मिलते हैं

गहलोत ने कहा- सोनिया गांधी ने एक बार कहा था कि सब को धैर्य रखना चाहिए। हर कोई विधायक और सांसद नहीं बन सकता। धैर्य रखने वालों को कभी न कभी पद मिलता है। कई उदाहरण सामने हैं, कई ऐसे लोग विधायक, सांसद बने जो सोच भी नहीं सकते थे। इस समय जो पदाधिकारी बने हैं उन पर जिम्मेदारी ज्यादा है। इस वक्त हमारी केंद्र में सरकार नहीं है। हम जब पहली बार पदाधिकारी बने, तब केंद्र में और ज्यादातर राज्यों में कांग्रेस की सरकारें थीं। अब हमारे सामने चैलेंज है, हमें राहुल गांधी और खड़गे साहब के हाथ मजबूत करने हैं।

गहलोत बोले- कूल्हे या सिर में चोट लग जाती तो और दिक्कत हो जाती: सीएम गहलोत ने कांग्रेस पदाधिकारियों से कहा कि पैर के अंगूठों में फ्रैक्चर के कारण ठीक होने में अभी 10 से 15 दिन का समय और लगेगा। मेरे दोनों पैर के अंगूठों में फ्रैक्चर हो गया, ऐसा तो कभी होता नहीं है। डॉक्टर भी कह रहे हैं कि हम पहली बार ऐसा केस देख रहे हैं कि दोनों पैरों के अंगूठों में एक साथ फ्रैक्चर हो जाए। ऐसा कभी होता नहीं है, लेकिन मेरे साथ हुआ है। अगर इससे ज्यादा लग जाती, कूल्हे या सिर पर चोट लग जाती तो और दिक्कत हो सकती थी।

राजस्थान में वन टाइम रजिस्ट्रेशन फीस लागू

अब प्रतियोगी परीक्षा के लिए बार-बार नहीं करनी होगी जेब ढीली

सितारा न्यूज नेटवर्क

जयपुर। राजस्थान सरकार ने प्रतियोगिता परीक्षा के लिए वन टाइम रजिस्ट्रेशन फीस लागू करने फैसला लिया है। इस फैसले से सरकारी नौकरी की तैयारी करने वाले राज्य के लाखों अभ्यर्थियों को राहत मिलने की उम्मीद है।

अगर आप भी बार बार सरकारी नौकरी के लिए अप्लाई करते हैं और आपको हर बार फीस का भुगतान करना पड़ता है तो ये खबर आपके बेहद काम की है। राजस्थान सरकार की ओर से वन टाइम रजिस्ट्रेशन फीस लागू करने को लेकर आदेश जारी किए हैं। ये आदेश राज्य सरकार की तरफ से आयोजित कराई जाने वाली सभी भर्ती परीक्षाओं के लिए लागू होगा। सीएम अशोक गहलोत ने इस प्रक्रिया की बजट के दौरान घोषणा की थी। जिसका सीधा लाभ सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे उम्मीदवारों को मिलेगा। इस व्यवस्था के लागू होने के बाद से उम्मीदवारों को राज्य सरकार की तरफ से निकाली जाने वाली भर्तियों के लिए बार बार शुल्क नहीं देना होगा।

सभी परीक्षाओं के लिए लागू

विशेष रूप से उम्मीदवार अपनी स्वयं की एसएसओ आईडी बना सकते हैं और एक बार पंजीकरण के लिए भर्ती विकल्पों पर जा सकते हैं। ये नियम न केवल कर्मचारी चयन बोर्ड, आरपीएससी की ओर से आयोजित प्रतियोगी परीक्षाओं पर लागू होते हैं, बल्कि स्व-सरकारी विभागों, हाउसिंग बोर्ड और अन्य स्व-शासी निकायों की तरफ से आयोजित भर्ती पर भी लागू होते हैं। कर्मचारी चयन बोर्ड की ओर से निकाली गई आर्थिक और सांख्यिकी विभाग की कंप्यूटर सीधी भर्ती और चिकित्सा विभाग की जीएनएम/एएनएम भर्ती में भी एक बारीय रजिस्ट्रेशन फीस का नियम लागू किया है।

बीजेपी उपाध्यक्ष बोले- मंत्री जाहिदा ने किया करोड़ों का भ्रष्टाचार

कमीशन नहीं मिलने की वजह से रद्द किया टेबलेट टेंडर, जाहिदा ने कहा- झठे है आरोप

सितारा न्यूज नेटवर्क

जयपुर। राजस्थान की शिक्षा राज्यमंत्री की जाहिदा खान की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही है। पीसीसी के बाहर लगे भ्रष्टाचार के पोस्टर के बाद बीजेपी ने जाहिदा के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। बीजेपी के प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच ने कहा कि जाहिदा खान शिक्षा विभाग में करोड़ों रुपए का घोटाला कर रही है। वह बिना कमीशन खोरी के कोई काम ना तो करती है, ना ही होने देती है। जिसकी वजह से राजस्थान की शिक्षण व्यवस्था बद से बदतर स्थिति में पहुंच चुकी है। बीजेपी मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मुकेश दाधीच ने कहा कि राजस्थान में 110 करोड की लागत से 9 हजार 401 स्कूलों में स्मार्ट क्लासेज बनाने का काम सरकार ने बजट घोषणा (2021-22) में किया था। यह काम इसी सत्र 2021-22 में ही पूरा होना था इसके लिए सरकार ने स्मार्ट क्लासेज बनाने का टेंडर तीन कंपनियों को दिया था। तीनों कंपनियों ने काम शुरू भी कर दिया। लेकिन कमीशन नहीं मिलने के चलते मंत्री जाहिदा ने इंटेस कंपनी के लोगों को वर्क ऑर्डर निरस्त करने की धमकी देना शुरू कर दिया।

सरकारी नियमों के तहत वर्कऑर्डर होने के बाद पीडीआई रोका जाना संभव नहीं है। लेकिन बावजूद इसके मंत्री जाहिदा खान ने 5 जून 2023 को नोटशीट पर पीडीआई रोकने के आदेश जारी कर दिये। जिससे स्मार्ट क्लासेज में पढ़ने का सपना देख रहे लाखों छात्रों का भविष्य कमीशन के खेल में चौपट हो गया। दाधीच ने कहा कि अवैध वसूली के लिए मंत्री जाहिदा खान ने आसिफ और ताहिर नाम के दो बाहरी आदमियों को जिम्मेदारी दे राखी है। जो सरकारी अधिकारी और कर्मचारियों को डरा धमकाकर गलत काम करने के लिए मजबूर कर रहे है। यह दोनों वसूली खोर मंत्री जाहिदा के साथ शिक्षा विभाग के हर महत्वपूर्ण बैठक में भी शामिल होते है। जिसको लेकर पिछले दिनों कुछ अधिकारियों ने शिकायत भी दर्ज कराई थी। लेकिन शिक्षा मंत्री जाहिदा और उसके अवैध वसूली करने वाले आदमियों की जगह मुख्यमंत्री ने शिक्षा विभाग से कअर मोहनलाल यादव और श्रुति भारद्वाज को ही हटवा दिया।दाधीच ने कहा कि शिक्षा विभाग में सप्लाई करने वाली कंपनी रोबोटिक (इंडस) पीडीआई में फेल होने के बाद भी लगातार माल सप्लाई करती रही। जबकि उसमें लगा हुआ थ्रीडी प्रिन्टर चाईनीज माल है। जिस पर भारत सरकार का लैंडबॉर्डर आदेश लागू होता है। जिसके तहत भारत सरकार ने इस माल पर रोक लगा रखी है। वहीं इससे पहले 40 हजार छात्रों को मिलने वाले 40 करोड़ के टैबलेट को भी 50 प्रतिशत कमीशन नहीं मिलने की वजह से मंत्री जाहिदा को निरस्त कर दिया। वहीं अब स्मार्ट क्लासेज के टेंडर निरस्त करने की तैयारी चल रही है।

गड़बड़ी करने वालो से मिली बीजेपी- जाहिदा खान: बीजेपी के आरोपों पर पलटवार करते हुए मंत्री जाहिदा खान ने कहा कि कांग्रेस सरकार जीरो टोलरेंस की नीति पर काम कर रही है। शिक्षा विभाग में कुछ मामलों में गड़बड़ी सामने आई थी। जिसको लेकर मैने जांच के लिए अधिकारियों को प्रभावी कार्यवाही के निर्देश दिये थे। लेकिन अब गड़बड़ी में शामिल कुछ लोग बीजेपी के जरिए राजनीतिक दबाव बनाने का असफल प्रयास कर रहे हैं। लेकिन मैं डरने वाली नहीं हूँ। हम जीरो टोलरेंस की नीति पर ही काम कर गडबडीयों को कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे। बल्कि, ऐसे मामलों की जांच कर जल्द सख्त एक्शन लेंगे

मेरठ में करंट से 5 कांवड़ियों की मौत, कांवड़ लेकर हरिद्वार से आ रहे थे

मेरठ। मेरठ में शनिवार रात कांवड़ियों का डीजे 11 ङश की हाईटेंशन लाइन से टकरा गया। इससे उसमें करंट उतर आया। मेरठ के डीएम दीपल मीना ने बताया कि करंट लगने की वजह से 10 कांवड़िए झुलस गए थे। अस्पताल में इनमें से 5 की मौत हो गई, वहीं 2 की हालत गंभीर बनी हुई है। हादसा थाना भावनपुर क्षेत्र के राली चौहान गांव में हुआ।

ये सभी हरिद्वार से कांवड़ लेकर आए थे। मृतकों के नाम हिमांशु, प्रशांत, महेंद्र, लखमी और मनीष बताए जा रहे हैं। हिमांशु और प्रशांत दोनों सगे भाई हैं। तीसरे सगे भाई विशाल की हालत गंभीर है। सभी मृतक राली चौहान गांव के ही रहने वाले हैं।

रात 8.30 बजे हुआ हादसा: बताया जा रहा है कि हादसा रात 8.30 बजे के आसपास हुआ। जब युवक अपने गांव राली चौहान लौट रहे थे। कांवड़ियों के साथ ऊंचा डीजे था, जो गांव के मंदिर के पास हाईटेंशन लाइन से टकरा गया, जिससे इसमें करंट उतर आया।मौके पर चीख-पुकार मच गई। कुछ लोगों ने घायलों को ट्रॉली से अलग किया। सूचना पर डीएम और एसएसपी मौके पर पहुंचे। घायलों को गंगानगर के आईआईएमटी, मेरठ के आनंद अस्पताल और मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। घटना से गुस्साए गांववालों ने जाम लगा दिया। कई थानों की फोर्स मौके पर पहुंच गई है।सीओ देवेश प्रताप चौहान ने बताया कि युवकों ने जेई से कहा था कि वो कांवड़ लेकर आ रहे हैं। 11 केवी की लाइन से बिजली सप्लाई बंद कर दी जाए। जेई ने कहा कि बिजली कट गई है। इसके बाद युवक कांवड़ लेकर आए। लेकिन बिजली कटी नहीं थी और हादसा हो गया।

पूर्वानुमान>	रवि	सोम	मंगल	बुध
अधिकतम>	30°c	32°c	30°c	33°c
न्यूनतम>	26°c	27°c	26°c	26°c

26°

राजस्थान आवासन मंडल...

लाखों कोचिंग छात्रों और कोचिंग संचालकों के सुनहरे ख्वाबों का पर्याय बना है 'कोचिंग हब'

करीब 40 लाख आबादी वाले गुलाबी शहर की कई भीषण समस्याओं का खात्मा होगा अब 'कोचिंग हब' से

सितारा न्यूज नेटवर्क

जयपुर। प्रदेश के गरीब और अमीर वर्ग के लोगों के जीवन में खुशहाली का दीपक जला रहा राजस्थान आवासन मंडल अब प्रदेश के लाखों बेरोजगार छात्रों और कोचिंग संचालकों के लिए भी वरदान साबित होता हुआ दिख रहा है, पहले कोटा और अब राजधानी जयपुर में प्रताप नगर इलाके में लंबे चौड़े इलाके में राजस्थान आवासन मंडल की ओर से आधुनिक सुविधाओं से युक्त निर्मित किया गया लाजवाब "कोचिंग हब" राजधानी जयपुर में प्रदेश के कोने-कोने और बाहर के राज्यों से कोचिंग करने आने वाले लाखों बेरोजगार युवकों और सैकड़ों कोचिंग संचालकों के सपनों को साकार करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करवाता हुआ दिख रहा है, इस कोचिंग हब से कोचिंग छात्रों शिक्षकों और संचालकों को एक ही जगह पर तमाम तरह की संचार सुविधाएं, खाने-पीने, हॉस्टल, मनोरंजन, सैर सपाटा, जिम क्लब इत्यादि जैसी सुविधाएं मिलने से एक तरफ कोचिंग छात्रों का शारीरिक और मानसिक संतुलन काफी स्वस्थ और मजबूत होगा जिससे वे स्वच्छंद दिल और दिमाग से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर सकेंगे तो दूसरी तरफ राजधानी जयपुर की ट्रैफिक, जयपुर विकास प्राधिकरण, नगर निगम और हॉस्टल संचालकों से जुड़ी कई समस्याएं अपने आप ही खत्म हो गई है।

यही वजह है कि कोचिंग हब के "आईडिया निमार्ता" पवन अरोड़ा और आवासन मंडल की पूरी टीम को कोचिंग छात्र, छात्रों के परिजन, हॉस्टल संचालक और जयपुर पुलिस के आला अधिकारियों के बीच इस नेक और अच्छे काम के लिए चर्चा का विषय बने हुए हैं।

कोचिंग हब से ट्रैफिक व्यवस्था में होगा जबरदस्त सुधार

सितारा न्यूज नेटवर्क स्पेशल ब्यूरोक्रेसी खबर

जानकारों का कहना है कि प्रताप नगर में स्थापित कोचिंग हब से जयपुर की ट्रैफिक व्यवस्था में जबरदस्त सुधार होगा, खुद जयपुर पुलिस, जयपुर विकास प्राधिकरण जयपुर नगर निगम और कोचिंग संचालक भी यह मानते हैं कि इस कोचिंग हब से जयपुर की ट्रैफिक व्यवस्था में जबरदस्त सुधार होगा क्योंकि विगत करीब 20 साल से राजधानी जयपुर कोटा की तरह ही शिक्षा का बहुत बड़ा केंद्र बन गया है, यहां पर बड़े-बड़े हाई प्रोफाइल कोर्सेज प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए जहां देशभर के बड़े-बड़े कोचिंग संस्थानों ने जहां राजधानी जयपुर में कई जगह पर प्रमुख सड़कों के किनारे ही अपने संस्थान खोल दिए जिसकी वजह से ट्रैफिक व्यवस्था का बिगड़ना स्वाभाविक है क्योंकि इन कोचिंग संस्थानों में हर साल करीब 2 छात्र कोचिंग के लिए दाखिला लेते हैं, कोई सरकारी भर्तियों में लिखित परीक्षा की तैयारी के लिए तो कोई डॉक्टर, इंजीनियर, सिविल सर्विसेज इत्यादि परीक्षाओं की तैयारी के लिए इन कोचिंग संस्थानों में पढ़ते हैं, जब कोचिंग संस्थान बड़ी संख्या में खुले हैं तो निश्चित रूप से यहां छात्रों के रहने के लिए हॉस्टल भी बड़ी संख्या में जगह-जगह खुले हुए दिखाई देते हैं, सुबह से लेकर देर रात तक कोचिंग संस्थान अलग-अलग शिफ्ट में अलग-अलग छात्रों को पढ़ाते हैं ऐसे में छात्रों के आवागमन और छात्रों के वाहनों के आवागमन की वजह से जयपुर के गोपालपुरा मोड़ से लेकर गुर्जर की थड़ी तक, टोंक रोड़, चौमूं रोड़, मानसरोवर, वैशाली नगर इत्यादि जगह पर सुबह से लेकर देर शाम तक हजारों की संख्या में छात्र और उनके वाहन इधर-उधर दौड़ते हुए आसानी से देखे जा सकते हैं इसके अलावा छात्रों की बड़ी भीड़ कोचिंग संस्थान के सामने या फिर कोचिंग संस्थान के इर्द-गिर्द जगह-जगह जमा रहती है जिसकी वजह से ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरह से बिगड़ी हुई रहती है ट्रैफिक पुलिस की लाख कोशिशों के बावजूद भी इन इलाकों की ट्रैफिक व्यवस्था ठीक तरह से नहीं सुधर पाई लेकिन अब जिस तरह से कोचिंग हब में कोचिंग संचालक अपने संस्थान खोल रहे हैं उससे निश्चित रूप से जयपुर की बिगड़ी हुई ट्रैफिक व्यवस्था में काफी सुधार होगा।

कोचिंग छात्रों, परिजनों और कोचिंग संचालकों को इधर-उधर नहीं भटकना पड़ेगा

कोचिंग हब के खुलने से अब कोचिंग संस्थान खोलने के लिए ना तो संचालकों को इधर-उधर जगह के लिए मुंह ताकना पड़ेगा पड़ेगा, ना ही प्रदेश के कोने-कोने और देशभर के कोने कोने से आने वाले छात्रों को कोचिंग संस्थानों में दाखिला लेने के लिए इस लंबे चौड़े शहर में इधर-उधर संस्थानों की लोकेशन देखने के लिए भटकना पड़ेगा, सिंधी कैंप, रेलवे स्टेशन जयपुर एयरपोर्ट पर उतरने के बाद छात्र आसानी से लो फ्लोर, निजी बस ऑटो रिक्शा से सफर कर आसानी से कोचिंग हब तक किसी भी समय पहुंच सकते हैं उन्हें इधर-उधर बिल्कुल भी एड्रेस पूछने के लिए भटकना नहीं पड़ेगा, अक्सर कई बार यह देखा जाता है कि जयपुर के बाहर से आए छात्र और उनके परिजन कोचिंग संस्थान एड्रेस पूछने के लिए और हॉस्टल की सुविधा के लिए इधर-उधर लोगों से पूछते रहते हैं और जब तक उनके मन के मुताबिक सिलेक्शन नहीं मिलता तब तक उनके चेहरे पर चिंता की लकीरें छाई रहती है लेकिन इन सब समस्याओं का समाधान राजस्थान आवासन मंडल ने इस कोचिंग हब की स्थापना करके कर दिया है।

कोचिंग हब से 'आवासन मंडल' की तिजोरी में भी आया पैसा

जयपुर के प्रतापनगर में करीब 65000 वर्ग किलोमीटर एरिया में स्थापित किए गए कोचिंग में राजस्थान आवासन मंडल की ओर से करीब 265 करोड़ रुपए खर्च किए गए, भव्य, आकर्षक अत्याधुनिक तरीके से डिजाइन किए गए कोचिंग हब को पूरी तरह से वातानुकूलित बनाया गया है इसके अलावा हर तरह की सुविधा से सुसज्जित है, शहर से दूर एक अलग शांत माहौल में बनाया गया यह कोचिंग हब कोचिंग स्टूडेंट और कोचिंग संचालकों, हॉस्टल वालों को काफी पसंद भी आ रहा है इसलिए बेहतरीन प्रोजेक्ट से आवासन मंडल को अच्छी कमाई होने के भी पूरे आसार हैं क्योंकि कोचिंग संचालक और हॉस्टल संचालक दोनों के दिलों को काफी भा गया है इसलिए जितना पैसा आवासन मंडल की ओर से खर्च किया गया उससे कहीं ज्यादा पैसा आवश्यक मंडल की तिजोरी में भी आने की पूरी संभावना है कुल मिलाकर यह प्रोजेक्ट आवश्यक मंडल की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने में भी अपनी अहम भूमिका निभाएगा।

कोचिंग हब से सक्सेज छात्रों की परसेंटेज में भी होगी गजब की बढ़ोतरी

शिक्षाविदों का भी मानना है कि कोचिंग हब से सक्सेज छात्रों के परसेंटेज में गजब की बढ़ोतरी होगी क्योंकि एक ही जगह पर शिक्षा, ठहरने, खाने-पीने, घूमने मनोरंजन, जिम, क्लब, तरणताल, रेस्टोरेंट इत्यादि की सुविधाएं मिलने से कोचिंग छात्रों को हर तरह से फायदा मिलेगा एक तरफ उनके समय और धन में बचत होगी तो दूसरी तरफ छात्रों और संचालकों को यहां किसी भी तरह की सीधा का सामना करना नहीं पड़ेगा, सिक्योरिटी की भी अच्छी व्यवस्था होने की वजह से यहां छात्राओं में भी किसी भी तरह का डर का माहौल नहीं रहेगा यहां छात्राओं के लिए अलग से हॉस्टल बनाए गए हैं, इन तमाम सुविधाओं से कोचिंग में पढ़ने वाले छात्र शारीरिक और मानसिक रूप से काफी मजबूत होंगे जो उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरणा देगा और वह स्वच्छंद दिल और दिमाग से परीक्षा दे सकेंगे जिससे निश्चित रूप से उनके सक्सेस परसेंटेज में वृद्धि होना स्वाभाविक ही है।

तेरे चेहरे में वो जादू है, बिन डोर खिंचा चला आता हूं... सुपरहिट गीत की याद हो गई है ताजा

कई साल पहले सुपरहिट फिल्म "धर्मात्मा" के सुपरहिट गीत... तेरे चेहरे में वो जादू है, बिन डोर खिंचा आता हूं, जाना होता है और कहीं तेरी ओर खिंचा आता हूं... यह गीत खूबसूरत एक्टर फिरोज खान ड्रीम गर्ल हेमा मालिनी के लिए कह रहे थे, अब इस गीत की याद राजस्थान आवासन मंडल को मिलने वाले पुरस्कारों से ताजा हो गई है, दुनिया भर के पुरस्कार राजस्थान आवासन मंडल की झोली में एक के बाद एक आकर गिर रहे हैं, आखिर, विगत 3-4 साल में ऐसा क्या गजब हो गया जिसकी वजह से दुनिया भर के लोगों की निगाहें आवासन मंडल पर आकर बिक गई है और मंडल के बेहतरीन कामों के बदले मंडल को बड़े-बड़े पुरस्कारों से नवाजा जा रहा है, करीब 4 साल पहले जयपुर के लोग ही मंडल को देखना तक पसंद नहीं करते हैं आज उसी मंडल का चेहरा इतना सुंदर और भव्य कैसे हो गया जो दुनियाभर के पुरस्कार राजस्थान आवासन मंडल के प्रांगण में आकर ही खुद को खुशनसीब समझ रहे हैं, यहां बड़ी बात यह है कि राजस्थान आवासन मंडल के आयुक्त पवन अरोड़ा खुद कभी भी अपने हाथों से एक भी पुरस्कार पुरस्कार प्रायोजित संस्था के हाथों से नहीं लिया बल्कि उन्होंने राजस्थान आवासन मंडल के ऑफिसर को पुरस्कार लेने के लिए देश और विदेशों में कई बार भेजा है जिसके पीछे पवन अरोड़ा यही तर्क देते हैं आवासन मंडल की और पूरी दुनिया देख रही है और पुरस्कारों से मंडल को नवाज रही है उसका पूरा श्रेय उनकी पूरी मंडल की टीम को जाता है कर्मचारियों को जाता है, उन्होंने सिर्फ मंडल के बुझे हुए चिरागों को जगाने का काम करीब 4 साल पहले किया जिसमें उनके निदेर्शों और उनकी सलाह को मंडल के अधिकारियों और कर्मचारियों ने दिल से स्वीकार किया और एक सामूहिक प्रयास के साथ कड़ी मेहनत और तपस्या करके मंडल को एक बेहतरीन मुकाम पर पहुंचाया, पवन और यह भी कहते हैं कि मंजिल अभी मिली नहीं है, सफर में हम यूं ही आगे चलते रहेंगे...'

उल्लेखनीय है कि प्रदेश की पूर्ववर्ती भाजपा सरकार के दौरान मंडल की तिजोरी में बिल्कुल भी पैसा नहीं था, मंडल के प्रोजेक्टों को कोई खरीद नहीं रहा था जिसकी वजह से कंगाल मंडल को बंद करने के बारे में तत्कालीन भाजपा सरकार गंभीरता से विचार कर रही थी लेकिन बाद में जब प्रदेश में कांग्रेस पार्टी की सरकार बनी तो मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने पवन अरोड़ा की काबिलियत, क्षमता और उनकी आधुनिक सोच पर विश्वास और भरोसा जगा कर उन्हें आवासन मंडल की कमान सौंपी, पवन अरोड़ा अब गहलोत के भरोसे और उम्मीद पर पूरी तरह से खड़े हैं, हालांकि खुद पवन अरोड़ा मंडल की सुनहरी और ऐतिहासिक विकास गाथा का पूरा श्रेय मंडल के अधिकारियों और कर्मचारियों को देते हैं लेकिन मंडल के अधिकारियों पर कर्मचारियों में ही यह चर्चा है कि अगर अरोड़ा मंडल में आयुक्त पद पर पोस्टेड नहीं होते तो आज मंडल के ताला लग गया होता।

पंचाग

सितारा

दिनांक:16जुलाई 2023 रविवार
विक्रम संवत2080 श्रावन कृष्ण पक्ष

तिथि	चतुर्दशी	22:07:33
पक्ष	कृष्ण	
नक्षत्र	आद्रा	26:37:50
योग	ध्रुव	08:30:46
करण	विष्टि भद्र	09:17:23
करण	शकुनी	22:07:33
चन्द्र राशि	मिथुन	
सूर्य राशि	मिथुन	
दिशा शूल पश्चिम		
सूर्योदय(जयपुर)		05:44:07
सूर्यास्त	19:21:30	
चंद्रोदय	06:10:58	
चंद्रास्त	18:38:01	
राहू काल	17:39 - 19:22	
अभिजित	12:05 - 12:59	
शुभ चोघडिया		
चर	07:26 - 09:08	शुभ
लाभ	09:08 - 10:51	शुभ
अमृत	10:51 - 12:33	शुभ
शुभ	14:15 - 15:57	शुभ

विशेष जानकारी
देवपितृकार्य हरियाली अमावस्या:-कल
सोमवती अमावस्या:-कल

ज्योतिषाचार्य
भानुप्रकाश शास्त्री

शिक्षा बचाओ पद यात्रा निकालकर उपखंड अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

सितारा न्यूज नेटवर्क

ब्यावर (अनिल सिखवाल)। राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय के प्रदेश व्यापी आह्वान पर शिक्षकों की 11 सूत्री मांग पत्र को लेकर उपशाखा जैतारण द्वारा गीता भवन से उपखण्ड अधिकारी कार्यालय तक शिक्षा बचाओ पद यात्रा निकाल कर सरकार से समाधान की मांग की। तत्पश्चात शिक्षकों को बीएलओ कार्य से मुक्त करने की मांग को लेकर जैतारण उपखण्ड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। प्रदेश पर्यवेक्षक एव प्रदेश उपाध्यक्ष अमर जीत सिंह राठौड़ के सानिध्य मे पद यात्रा मे बडी संख्या मे संगठन के कार्यकर्ता व शिक्षक बंधु उपस्थित रहे।

जल भराव से तालाब बनी सड़के, चलना हुआ मुश्किल

सितारा न्यूज नेटवर्क

नारायणपुर, (बिन्टू कुमार)। उपखंड क्षेत्र के गाँव कोलाहेडा और डूंगा का बास सहित अन्य ग्राम पंचायतो को जोड़ने वाली सड़के इन दिनों जल भराव से तालाब बनी हुई हैं। जिससे वाहन चालकों एवं स्कूली बच्चो को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा हैं। अधिवक्ता समीक गंगावत ने बताया कि कोलाहेडा मोड़ मुख्य सड़क से कोलाहेडा, डूंगा का बास, चांदपुरी, अजबपुरा को जाने वाली मुख्य सड़क कई वर्षो से जर्जर है बरसात के दिनों में तो इन सड़को की हालात बेहद खराब हो जाती है और सड़क पर जगह-जगह जलभराव से तालाब जैसी स्थिति बनी जाती हैं। जिससे स्कूल जाने वाले बच्चों और राहगीरों को पानी से होकर गुजरना पड रहा हैं। ग्रामीणों ने बताया कि करीब 15 साल पहले सड़के बनाई गई थी। उसके बाद अभी तक पीडब्ल्यूडी विभाग की ओर से न तो मरम्मत कार्य किया गया और न ही बनाई गई। मुख्य सड़क मार्ग होने से रोजाना सैकड़ो ग्रामीण और स्कूली बच्चों का आवागमन रहता हैं। ग्रामीणों ने कई बार उधोग एवं देवस्थान मंत्री शकुंतला रावत को भी जर्जर सड़क के बारे में अवगत कराया, लेकिन अभी तक कोई सुनवाई नही हुई। इधर पीडब्ल्यूडी सहायक अभियंता मनीष धार ने बताया कि प्रधानमंत्री सड़क योजना के अंतर्गत नॉन पेचेबल सड़क निर्माण को लेकर विभाग को मंजूरी के लिए निविदा भेजी गई है। कार्य आदेश होते ही सड़क का काम शुरू कर दिया जायेगा। एईएन ने बताया कि जहाँ पानी भराव हो रहा हैं वहां जल्दी ही जेसीबी की सहायता से सही करा दिया जायेगा।

चिमापुरा सरकारी मिडिल स्कूल में स्टाफ की विशेष कमी

प्रवेशोत्सव के बाद दो स्टाफ प्रतिनियुक्ति पर लगाए जाएंगे सीबीईओ: राजेन्द्र मीना

सरपंच बिजेंद्र मीना ने की सरकार से अध्यापकों की मांग

सितारा न्यूज नेटवर्क

रैणी (अलवर) महेश चन्द मीना। अलवर के रैणी उपखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत भजेड़ा के चिमापुरा गांव की सरकारी मिडिल स्कूल में स्टाफ की अति विशेष कमी है। स्थानीय सरपंच बिजेन्द्र मीना ने बताया कि हमारे गांव की सरकारी मिडिल स्कूल है जो कक्षा 1 से 7 तक चलती है जिसमे विद्यार्थियों की संख्या अधिक है जबकि सिर्फ एक आदमी के भरोसे ही सारा स्कूल चल रहा है उसको भी बीएलओ बना रखा है, ऐसी स्थिति में भला एक आदमी स्कूल कैसे चला सकता है। मिडिया द्वारा उक्त सम्बंध में रैणी सीबीईओ राजेन्द्र मीना से जानकारी चाही तो सीबीईओ मीना ने बताया कि प्रवेशोत्सव के बाद दो का स्टाफ डेप्युटेशन से लगा दिया जावेगा। जिससे विद्यालय स्टाफ की पूर्ति हो जाएगी।

संस्कार प्ले स्कूल का हुआ विधिवत शुभारंभ

बच्चों में अच्छे संस्कार ही उन्हें सुयोग्य नागरिक बनाते हैं - भूदेव आर्य

सितारा न्यूज नेटवर्क

ब्यावर(अनिल सिखवाल)। गोदावरी आर्य कन्या शिक्षण समिति द्वारा संचालित गोदावरी आर्य बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में संचालित संस्कार प्ले स्कूल का शनिवार को विधिवत शुभारंभ हुआ। विद्यालय सचिव अभिमन्यु गहलोत ने बताया कि स्कूल के विधिवत शुभारंभ के अवसर पर सर्वप्रथम देवयज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमें विधि विधान सहित वैदिक मंत्रों से यज्ञ में आहुतियां दी गई। तत्पश्चात आर्य सभासद विष्णुदेव आर्य, प्रधान ओमप्रकाश नवाल, शिक्षण समिति सचिव डॉ लालचंद हेडा, विद्यालय सचिव अभिमन्यु गहलोत, प्रधानाचार्य नूतन लाटा, शिक्षिका संगीता शर्मा द्वारा संस्कार प्ले स्कूल का फीता काटकर उद्घाटन किया। इस मौके पर सचिव अभिमन्यु गहलोत ने संस्कार प्ले स्कूल के बारे में विस्तृत जानकारी दी। छोटे-छोटे बच्चों को शिक्षा की शिक्षा के साथ संस्कार व्यवहारिक ज्ञान दिया जाएगा व स्कूल में सुरक्षित एवं संस्कारित वातावरण के साथ खेल खेल में अध्ययन अनुभवी प्रशिक्षक अध्यापिकाओं द्वारा करवाया जाएगा। प्रधानाचार्य नूतन लाटा ने विद्यालय के संस्कारों व शिक्षा की विस्तृत जानकारी दी साथ ही संस्कार प्ले स्कूल खोले जाने की शुभकामनाएं भी प्रेषित की। साथ ही कहा कि विद्यालय में शिक्षा के साथ संस्कार भी दिए जाते हैं जो व्यावहारिक जीवन में सबसे ज्यादा आवश्यक है। विद्यालय के उद्घाटन कार्यक्रम में ओमप्रकाश काबरा, भूदेव आर्य, रामेश्वर भूतड़ा, सुखदेव आर्य, इंद्रदेव आर्य, विनायक माहेश्वरी, संजय बाहेती, राजेंद्र काबरा, अभय आर्य, बृजेश मालू, वैभव तोषनीवाल, प्राचार्य शालू शर्मा, सुमिति माहेश्वरी, रुचि शर्मा, मीना शर्मा, सुलक्ष्मी तोषनीवाल एवं विद्यालय शिक्षक गण संस्कार प्ले स्कूल के विद्यार्थी एवं अभिभावक उपस्थित रहे। इस मौके पर संस्कार प्ले स्कूल की प्रधानाचार्य को दयानंद सरस्वती की पुस्तक भी भेंट की गई।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

सितारा न्यूज ब्रीफ

पटेल स्कूल में मनाया विश्व युवा कौशल दिवस

दैनिक सितारा न्यूज नेटवर्क

ब्यावर(अनिल सिखवाल)। राजकीय पटेल उच्च माध्यमिक विद्यालय में विश्व युवा कौशल दिवस मनाया गया ।इस अवसर पर प्रधानाचार्य अब्दुल हनीफ खान ने विद्यार्थियों को विश्व युवा कौशल दिवस के बारे में बताया कि यह दिन युवाओं को नौकरी के लिए आवश्यक कौशल के महत्व के बारे में जागरूक करने के लिए घोषित किया गया था। दरअसल, साल 2014 में जब संयुक्त राष्ट्र ने विकास के एक स्थायी मॉडल की तरफ बढ़ते हुए दुनिया में कौशल के लगातार बढ़ते महत्व को पहचाना, जिसके बाद उन्होंने 15 जुलाई 2014 को इस दिन की शुरूआत की कव्यावसायिक शिक्षा प्रभारी हेमन्त कुमावत ने कौशल विकास के रूप में व्यावसायिक शिक्षा के महत्व के बारे में विद्यार्थी को अवगत करवाया इस अवसर पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें व्यावसायिक शिक्षा के कक्षा 10 के छात्र करण सोनी, लखन सिंह, ब्रजपाल सिंह, भास्कर प्रजापत, अर्जुन गेहलोत, हरभजन सिंह, मोहित खोरवाल, नमन, मनीष ने पोस्टर बनाये व्यावसायिक सेवा प्रदाता निटकोन और स्किल ट्री के वोकेशनल ट्रेनर राहुल ओझा और संगीता रैंकवार ने सहयोग किया ।

प्रदेश स्तरीय आह्वान पर...

ब्लॉक स्तरीय पंचायत शिक्षक सहायक 17 जुलाई को विधानसभा घेराव में लेगें भाग

सितारा न्यूज नेटवर्क

ब्यावर/भीम (अनिल सिखवाल) ।विगत 14 वर्षों से पंचायत शिक्षक विद्यालय सहायक संविदा मुक्ति को लेकर अपनी नियमितीकरण की मांग को लेकर आगामी 17 जुलाई को होने वाले विधानसभा का घेराव एवं धरना प्रदर्शन भाग लेंगे ब्लॉक अध्यक्ष अरुण जीनगर ने बताया कि राज्य सरकार ने जनघोषणा पत्र में संविदा कर्मियों को नियमित करने का वादा किया था, लेकिन इन्हें पुनः संविदा से संविदा में डाल दिया । जिससे संविदा कर्मी अपने आप को ठगा महसूस कर रहा है ।इसी के चलते प्रदेश स्तरीय आव्हान पर ब्लॉक के समस्त पंचायत शिक्षक विद्यालय सहायक 17 जुलाई को होने वाले विधानसभा घेराव करेंगे एवं नियमितीकरण को लेकर आंदोलन करेंगे ।

राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं भ्रष्टाचार निवारण भारत संगठन के मनिष मीना प्रदेश उपाध्यक्ष एवं तिलक राज बने प्रदेश मंत्री

रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना ।राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं भ्रष्टाचार निवारण भारत संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेश मीना की सहमति से मनिष कुमार मीना माचाड़ी को प्रदेश उपाध्यक्ष और तिलकराज मीना (टोडा जयसिंहपुरा) को प्रदेश मंत्री बनाया गया है। संगठन के दोनो पदाधिकारियों को संगठन के नियमानुसार कार्य करते रहने के लिए सुझाव दिया गया है साथ ही भ्रष्टाचार के खिलाफ जबरदस्त मुहिम चलाने के भी निर्देश दिए है महिलाओ व दलित वर्ग पर हो रहे अत्याचार को उजागर करने को भी बताया गया है एवं पुलिस प्रशासन से सहयोग लेकर व सहयोग देकर किसी पीड़ित परिवार को लेकर भी सहायता के लिए कदम उठाना है तथा किसी भी विभाग के किसी भी अधिकारी के द्वारा किसी भी तरह से किसी को परेशान किया जाता है तो उसको भी संगठन द्वारा उजागर कर निस्तारण कराने मे सहयोग देने का सुझाव दिया तथा संगठन की तरफ से आमजन की मदद के लिए सदैव तत्पर रहने का निर्देश दिया गया। मिडिया को यह सारी जानकारी अंकित मीना के द्वारा दी गई।

नाथ योगी समाज का तहसील स्तरीय तृतीय प्रतिभा सम्मान समारोह -23 को

नाथ जी की डूंगरी सालोली में पूर्व जिला परिषद सदस्य नवल योगी की अध्यक्षता मे होगा समारोह आयोजित

सितारा न्यूज नेटवर्क

रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना । अलवर के रैणी-उपखंड क्षेत्र की सालोली पंचायत मुख्यालय पर स्थित नाथ जी की डूंगरी मे नाथ योगी समाज का रैणी तहसील स्तरीय तृतीय प्रतिभा सम्मान समारोह कार्यक्रम 23 जुलाई रविवार को आयोजित किया जाएगा ।जिसमें आठवी कक्षा मे अ ग्रेड प्राप्त करने वाले विधार्थी को एवं कक्षा-10 व 12 बोर्ड क्लास मे सत्र 2022-23 मे जिन विधार्थियो ने 60 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किया है उन सभी विधार्थियो को सम्मानित किया जायेगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि टेक चन्द योगी जिलाध्यक्ष अलवर व कार्यकारिणी एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता नवल योगी पूर्व जिला परिषद सदस्य के द्वारा की जावेगी, तथा कार्यक्रम मे विशिष्ट अतिथि शिवचरण योगी सरपंच जिलाध्यक्ष दौसा व महावीर योगी युवा प्रदेश अध्यक्ष रामस्वरूप योगी पिपलकी , दौसा एवं तहसील अध्यक्ष मुरारी लाल योगी , रैणी तहसील कार्यकारिणी व सालोली ग्रामवासी व समस्त समाज बंधु उपस्थित रहेगें। मिडिया को यह सारी जानकारी तहसील अध्यक्ष मुरारी लाल योगी रैणी द्वारा दी गई ।

डॉ राजकुमार गुर्जर बने गुर्जर समाज की त्रैमासिक सामाजिक पत्रिका के ब्यूरो चीफ राजस्थान

युवराज शर्मा / अलवर ।गुर्जर समाज की ओर से निकाली जा रही राष्ट्रीय स्तर की पत्रिका गुर्जर जागरण जो कि त्रैमासिक पत्रिका है के राजस्थान ब्यूरो चीफ का दायित्व अलवर के डॉ राजकुमार गुर्जर जो पेशे से वकील, प्राकृतिक चिकित्सक और समाजसेवी है को दिया गया है ।पत्रिका के प्रधान संपादक धर्मवीर नागर ने पत्र जारी कर डॉ गुर्जर को ब्यूरो चीफ राजस्थान के पद पर सुशोभित किया है. ब्यूरो चीफ बनने पर ब्रजभूमि कल्याण परिषद के राष्ट्रीय संयोजक डॉ पंकज गुप्ता गीता परिवार के जिला अध्यक्ष अश्वनी जावली कैप्टन उमराव लाल सैनी प्रेम प्रकाश शर्मा एवं अनेक अलवर के नगर वासियों ने डॉक्टर राजकुमार गुर्जर को बधाई दी है ।

विधायक ओम हुडला के सतत प्रयासों से महवा में पानी की समस्या से मिलेगा समाधान

विकास ही लक्ष्य : 41 करोड़ की लागत से बनने वाली महवा शहरी पेयजल योजना के कायार्देश जारी : हुडला

सितारा न्यूज नेटवर्क

महवा/दौसा। महवा के सर्वसमाजी विधायक ओम हुडला के सतत प्रयासों से महवा कस्बे के पानी की समस्या के स्थाई समाधान हेतु 41 करोड़ रुपए की लागत की पेयजल योजना के कार्य आदेश जारी कर दिए गये, जिससे जल्द ही इस योजना का कार्य शुरू होगा और महवा कस्बे के लोगो को पेयजल की समस्या से स्थाई राहत मिलेगी। इस कार्य से महवा कस्बे के हर गली मोहल्ले में जल आपूर्ति होगी और लोगो को रोजाना पेयजल सप्लाई हो सकेगी। इस दौरान विधायक हुडला ने कहा कि इस योजना में 20 ट्यूब वेल सहित 2 ओएचएसआर जिनकी क्षमता 400 किलो लीटर और 600 किलो लीटर होगी तथा एक 800 किलो लीटर का सीडब्ल्यूआर भी बनाया जाएगा। उन्होंने कहा की पहले महवा में केवल दो ही पानी की टंकी थी और उसके बाद दो और बनवाई गई पर अभी इस नए कार्य में महवा में लगभग 2 और पानी की टंकी बनवाई जायेंगी। जिससे महवा कस्बे के हर गली मोहल्ले में पानी की समस्या से राहत मिलेगी। गौरतलब हैं की महवा विधायक के प्रयासों से महवा विधानसभा क्षेत्र में लगभग 200 करोड़ की राशी से अधिक के पेयजल कार्य चल रहे हैं। इस दौरान विधायक हुडला ने कहा कि लोगो के पानी के पीने की समस्या का स्थाई समाधान करना इसकी कोशिश है वर्तमान में महवा विधानसभा के क्षेत्र के हर ग्राम पंचायत में हम पानी का बोरवेल खोद चुके हैं और पानी की पाइप लाइन डालने का कार्य चल रहा हैं। उन्होंने कहा की महवा की इस योजना से महवा कस्बे की लगभग सभी पुरानी लाइन बदली जाएँगी और उसके बदले नई लाइन डाली जाएंगी। इसमें डी आई पाइपलाइन और प्लास्टिक पाइपलाइन लगभग 80किलोमीटर की महवा कस्बे में डाली जाएगी।

इन स्थानो पर होगा नई विस्तार

उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत महवा मंडावर रोड के बोहरा स्कूल, जवाहर कॉलोनी, डोर्सल लाइन, जी बी स्कूल के आस पास गली, रामबाबू की बगीची, भट्टा वाली गली, हिंडौन रोड पर जैन कॉलोनी ,मठ कॉलोनी ,राज इंटरनेशनल स्कूल ,पटेल कॉलोनी ,अग्रवाल कॉलोनी, बजरंग विहार, विवेकानंद कॉलोनी ,पाराशर कॉलोनी, मोदी नगर कॉलोनी सहित आस पास की कॉलोनी शामिल हैं इसी प्रकार तहसील रोड पर जैन कॉलोनी ,विवेकानंद कॉलोनी ,वैदेही मंदिर ,विश्वकर्मा मंदिर ,कल्याण मंदिर ,जोणी मोहल्ला ,चौकीदार मोहल्ला ,गुर्जर मोहल्ला ,पाराशर मोहल्ला ,आदर्श विधा मंदिर ,किले वाली माता का मंदिर ,बड़ा महादेव जी का मंदिर ,मम्मू कॉलोनी ,जनक कॉलोनी ,सब्जी मंदी, मोटूका रोड ,इंदिरा कॉलोनी ,पाली दरवाजा ,गुरूजी बाग मोहल्ला ,वाल्मीकि मोहल्ला ,नगर पलिका मोहल्ला ,तहसील रोड ,नरुका कॉलोनी ,महावर मोहल्ला ,कीर मोहल्ला सहित आस पास की कॉलोनी शामिल हैं इसी प्रकार हनुमान नगर ,आश्रम अद्वाद्नानद महाराज जी , क्रष्णा कॉलोनी ,अम्बेडकर कॉलोनी ,प्रेम रेजीडेसी,भरतपुर रोड मुख्य बाजार ,राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विधालय ,पथवारी मंदिर ,तेली कटला ,प्रधान जी का कटला,गणेश मंदिर मामोड़िया मोहल्ला ,पोथी हलवाई वाली गली ,मिश्रा मोहल्ला ,जैन मंदिर ,गोपी नाथ जी का मंदिर ,पुराना हॉस्पिटल रोड , नंबर 01 विधालय ,शनि महाराज मंदिर ,स्टेडियम ,टीकाराम पालीवाल स्कूल सहित आस पास की कॉलोनी राम गढ़ रोड ,जवाहर कॉलोनी ,मीना कॉलोनी ,कलावती भवन ,दिलीप सिंह कॉलोनी , आदि शामिल हैं उन्होंने कहा की महवा की हर कॉलोनी को हम पानी उपलब्ध करवा कर देंगे। उन्होंने कहा कि महुवा के लोगों को समस्याओं का निराकरण करना है उनका कर्तव्य है और वह कर्तव्य को पालन करने के लिए हर समय तत्पर है।

जिला स्पेशल टीम की कार्रवाई:मिस्त्री की हत्या के आरोप में दो आरोपी गिरफ्तार

सितारा न्यूज नेटवर्क

वी.पी.मीणा / बहरोड ।भिवाड़ी जिला स्पेशल टीम ने कार्रवाई करते हुए 7 साल से फरार चल रहे हत्या के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इन पर भिवाड़ी पुलिस अधीक्षक के द्वारा दो-दो हजार का इनाम घोषित था। थाना अधिकारी राजपाल सिंह ने बताया कि गिरफ्तार हत्या के आरोपी गजेंद्र पुत्र देवीराम गुर्जर और मनोज कुमार पुत्र लालाराम गुर्जर निवासी मोहताबाद, जिला फरीदाबाद हरियाणा को गिरफ्तार किया गया है। इन दोनों ने जुलाई 2016 में आरटीओ ऑफिस के बाहर हाईवे पर मिस्त्री की दुकान करने वाले शहनवाज उर्फ गट्टू मिस्त्री पुत्र मोहम्मद जबार खान निवासी रहमत नगर, जिला मुजफ्फरनगर उत्तर प्रदेश के सिर में वार कर उसकी हत्या कर दी गई थी। जिसका शव उसकी दुकान के सामने खून से लथपथ पड़ा हुआ मिला। पुलिस इनामी हत्या के मामले में गिरफ्तार दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश करेगी।

वृक्षारोपण प्रकृति का श्रृंगारः डॉ श्यामसुन्दर मीना

सार्वजनिक जगहों पर लगाये छाया व फलदार पौधे

सितारा न्यूज नेटवर्क

लक्ष्मणगढ़। पर्यावरण संरक्षण की मुहिम व राजस्थान पत्रिका के हरियालो राजस्थान कार्यक्रम के तहत शनिवार युवा भाजपा नेता डॉ श्यामसुंदर मीना व उनकी टीम ने लक्ष्मणगढ़ क्षेत्र के विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर पौधारोपण कार्य किया।

प्रो.ड़ॉ. श्याम सुंदर मीना ने बताया कि शनिवार को कस्बे सीनियर सेकेंडरी स्कूल लक्ष्मनगढ़, मेव बोर्डिंग, शनि महाराज मंदिर लक्ष्मणगढ़ व शनिदेव मंदिर रायपुर जाट सहित कई जगहों पर पीपल, चम्पा, अशोक, सीसम, कड़ी बादाम, अमरुद, गुलाब, तुसली, पारस, जामुन, अंजीर सहित अन्य छायादार, फलदार पौधे लगाये गये ।वही लोगों ने इनकी नियमित सार सभांल की भी जिम्मेदारी ली। इस दौरान सहायक प्रोफेसर, डॉ श्यामसुंदर मीना के अलावा विक्रम सिंह नरुका, वीरेंद्र कोठारी , ईश्वर नकडा, नरपत सिंह, गोपेश जाट, विजय सिंह सहित सैकड़ों पर्यावरण प्रेमी मौजूद रहे।

राजस्थान कांग्रेस कमेटी नवनियुक्त पदाधिकारीगण एवं जिलाध्यक्षगण की संयुक्त बैठक

सितारा न्यूज नेटवर्क

जयपुर। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त पदाधिकारीगण एवं जिलाध्यक्षगण की संयुक्त बैठक शनिवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय जयपुर पर प्रदेशाध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में राजस्थान प्रभारी सुखजिन्द्र सिंह रंधावा, मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, सहप्रभारी काजी निजामुद्दीन, वीरेन्द्र सिंह राठौड़, अमृता धवन भी शामिल हुये।

बैठक में सभी नवनियुक्त पदाधिकारीगण एवं जिलाध्यक्षगण का स्वागत करते हुये प्रदेशाध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा ने कहा कि सभी नवनियुक्त पदाधिकारीगण को संगठन के कार्य की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिली है इसलिये बिना समय गवाये सभी लोग अपने-अपने दायित्वों के निर्वहन में लग जायें। उन्होंने सभी जिलाध्यक्षगण को निर्देश देते हुये कहा कि सात दिवस में निर्धारित प्रोफार्मा में कार्यकारिणी बनाकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी को प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि सभी जिलाध्यक्षगण वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं से सलाह लेकर तथा जिले में संगठन एवं पार्टी के लिये काम करने वाले निष्ठावान लोगों को प्राथमिक देकर जिला कार्यकारिणी में शामिल करें।

उन्होंने कहा कि सभी जिलाध्यक्षगण अगले तीन दिन में अपने-अपने जिलों की ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों की बैठक बुलाकर ब्लॉक, मण्डल, बूथ एवं ग्राम पंचायत स्तर तक की कार्यकारिणी सदस्यों से सम्पर्क करें। उन्होंने कहा कि जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक में सभी पार्षदगण, मण्डल अध्यक्षगण, अग्रिम संगठनों के जिलाध्यक्षगण, सहकारी समितियों के अध्यक्षगण को भी शामिल करें। उन्होंने कहा कि नवनियुक्त पदाधिकारियों के लिये नये दायित्व तय किये जा रहे हैं जिसके तहत उपाध्यक्षगण सम्भाग स्तर पर, महासचिवगण जिला स्तर पर एवं सचिवगण विधानसभा क्षेत्रों में प्रभारी के रूप में कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि सर्वश्रेष्ठ कार्य करने वाले मण्डल एवं ब्लॉक अध्यक्षगण को पुरूस्कृत किया जायेगा तथा कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे एवं कांग्रेस नेता राहुल गॉधी के समक्ष पुरूस्कार प्रदान किया जायेगा। उन्होंने कहा कि राजस्थान के 53 विधानसभा क्षेत्र जहॉ पिछले तीन चुनावों में पार्टी का प्रदर्शन संतोषजनक नहीं रहा है, उन विधानसभा क्षेत्रों में विशेष दायित्व प्रदेश सचिवों को प्रदान किये जायेंगे जो कि अपने क्षेत्राधिकार वाले निर्धारित विधानसभा क्षेत्र में पार्टी की मजबूती एवं विधानसभा चुनावों में विजय के लिये कार्य करेंगे।

डोटासरा ने कहा कि सभी उपाध्यक्षगण, महासचिवगण एवं सचिवगणों के वाट्सएप ग्रुप बनाये जायेंगे जिसमें प्रदत्त दायित्वों के प्रगति रिपोर्ट प्रतिदिन प्रस्तुत करना आवश्यक होगा। उन्होंने कहा कि इन वाट्सएप ग्रुप में जो पदाधिकारी सूचना नहीं देगा उसे निष्क्रिय माना जाकर हटा दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि राजस्थान के 13 जिले जो कि ईआरसीपी परियोजना से लाभान्वित होंगे उनमें सामाजिक संगठनों को साथ लेकर गॉव-गॉव, ढाणी-ढाणी जाकर प्रभारी पदाधिकारी कार्य करेंगे तथा आने वाले समय में इन जिलों में भाजपा की केन्द्र सरकार की वादाखिलाफी के विरूद्ध बड़ा आन्दोलन खड़ा किया जायेगा। उन्होंने कहा कि सभी पदाधिकारीगण कार्यकताओं एवं पूर्व पदाधिकारियों का सम्मान करें क्योंकि कांग्रेस के कार्यकर्ता एवं पूर्व पदाधिकारीगण पार्टी की नींव है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष 6मल्लिकार्जुन खडगे एवं कांग्रेस नेता श्री राहुल गॉधी का स्पष्ट संदेश है कि पार्टी की गाईड लाईन अथवा विचारधारा के विरूद्ध कार्य करने वाले कार्यकर्ता तथा अनुशासनहीनता करने वाले पदाधिकारियों को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा, तुरन्त उनके खिलाफ कार्यवाही करते हुये पद से हटा दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सभी पदाधिकारियों को पहचान पत्र प्रदान किये जायेंगे। उन्होंने अपने पिता को याद करते हुये संस्मरण सुनाया कि उनके पिता ने परिवार को सीख दी थी कि मॉ-बाप के सामने परिवार में झगड़ा ना हो और सब एक-दूसरे की कुशलक्षेम पूछे यही सबसे बड़ा सुख होता है। उन्होंने कहा कि पार्टी भी एक परिवार है, सब सौहार्द्र से एक-दूसरे का सहयोग करते हुये कार्य करेंगे तो पार्टी मजबूत होगी एवं समाज में पहचान बनेगी। उन्होंने कहा कि सभी कांग्रेस कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी संगठन के कार्यों में जुटकर राजस्थान में पुनः कांग्रेस की सरकार बने यह सुनिश्चित करें तथा आगामी लोकसभा चुनाव में केन्द्र से भाजपा को उखाड़ फेंकने के लिये कमर कसकर जुट जायें।

जिलाध्यक्ष नियुक्त होना बड़े सम्मान की बात : प्रभारी रंधावा

बैठक को राजस्थान प्रभारी सुखजिन्द्र सिंह रंधावा ने सम्बोधित करते हुये कहा कि पार्टी में जिलाध्यक्ष नियुक्त होना बड़े सम्मान की बात है क्योंकि पार्टी में ब्लॉक एवं जिलाध्यक्ष का बड़ा महत्व होता है। उन्होंने कहा कि पार्टी का जिलाध्यक्ष का ओहदा विधायक एवं मंत्री से ऊपर है। उन्होंने कहा कि अगस्त माह की 17 अथवा 18 तारीख को पुनः प्रदेश पदाधिकारियों एवं जिलाध्यक्षगण की संयुक्त बैठक आयोजित होगी जिसमें सभी नवनियुक्त पदाधिकारीगण के कार्यो की समीक्षा की जायेगी। उन्होंने कहा कि जिन पदाधिकारियों की द्वारा दायित्वों को निर्वहन संतोषजनक रूप से नहीं किया जायेगा उन्हें जिम्मेदारी से मुक्त कर दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि पार्टी है तो सबका महत्व है, पार्टी की मजबूती से ही नेताओं की पूछ होती है। उन्होंने कहा कि जो पार्टी के प्रति निष्ठावान नहीं होगा, पार्टी विचारधारा की बात नहीं करेगा, उसे पार्टी छोडकर चले जाना चाहिये, कांग्रेस में रहकर कांग्रेस की ही बात करनी पड़ेगी, तभी महत्व मिलेगा। उन्होंने कहा कि पार्टी का पदाधिकारी बनने के पश्चात सभी को यह संकल्प लेना चाहिये कि वे पार्टी के लिये कार्य करें ना कि किसी व्यक्ति विशेष के लिये, क्योंकि पार्टी में सब समान रूप से कार्यकर्ता हैं एवं पार्टी से ही सबका वजूद है। उन्होंने कहा कि पार्टी पदाधिकारियों की जिम्मेदारी किसी भी विधायक से कहीं अधिक है क्योंकि चुनाव संगठन लड़ता है। उन्होंने कहा कि देश में भाजपा का उदय राजस्थान से हुआ है, सर्वप्रथम भाजपा की सरकार राजस्थान में ही बनी है इसलिये अब हमारी जिम्मेदारी है कि पूरे देश से भाजपा का सफाया किया जाये, जिसकी शुरूआत राजस्थान में भाजपा को हराने से हो। उन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार ने एक से बढकर एक जनकल्याणकारी योजनायें लागू कर अपना दायित्व पूरा किया, अब हम संगठन के पदाधिकारियों का दायित्व एक बार राजस्थान में पुनः कांग्रेस की सरकार बनाने हेतु कार्य करें।

बैठक में वीसी के माध्यम से सभी नवनियुक्त पदाधिकारीगण एवं जिलाध्यक्षगण को बधाई देते हुये मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि सभी पदाधिकारीगण नवीन जिम्मेदारी को निभाते हुये पार्टी की सेवा कर आगे बढ़ें। उन्होंने कहा कि वे तीन बार मुख्यमंत्री बने तथा उनकी हमेशा से इच्छा रही है कि पीसीसी के अधिवेशन में पीसीसी डेलीगेटस प्रस्ताव पारित कर सरकार को सौंपे जिसके आधार पर सरकार की नीतियों का निर्माण हो। उन्होंने कहा कि पीसीसी एवं एआईसीसी डेलीगेटस पूरे प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हैं, प्रदेश कांग्रेस के अधिवेशन में जनता से मिले फीडबैक एवं क्षेत्रीय आवश्यकताओं की जानकारी प्रस्ताव के माध्यम से सरकार को दी जा सकती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गॉधी ने पार्टी का घोषणा पत्र आमजन से पूछकर बनाने हेतु निर्देशित किया है, इसलिये पार्टी के द्वारा अधिवेशन में पारित प्रस्तावों के आधार पर राजस्थान की सरकार ने बजट एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा बढ़ती मंहगाई एवं बेरोजगारी के मुद्दे पर निकली थी, जनता से मिले फीडबैक के आधार पर राजस्थान सरकार ने मंहगाई से राहत प्रदान करने हेतु मंहगाई राहत कैम्प लगाये हैं। उन्होंने कहा कि देश में जिस तरह का माहौल बना है वह चिंता का विषय है, क्योंकि केन्द्र सरकार इस गलतफहमी में है कि सरकार हमेशा बनी रहेगी। उन्होंने कहा कि ईडी, सीबीआई का दुरूपयोग विपक्ष की सरकारों को गिराने के लिये किया जा रहा है जिसका ताजा उदाहरण महाराष्ट्र में घटित हुआ। उन्होंने कहा कि आज कांग्रेस के लिये चुनौतीपूर्ण समय है इसलिये सभी नवनियुक्त पदाधिकारीगण को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे एवं कांग्रेस नेता राहुल गॉधी के हाथ मजबूत करने हेतु कार्य करना चाहिये। उन्होंने कहा कि कोई पद बड़ा अथवा छोटा नहीं होता है, जो पदाधिकारी अपनी जिम्मेदारी निष्ठा से निभायेगा वहीं आगे बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि सोनिया गॉधी ने कहा कि सभी लोग थोड़ा धैय रखें क्योंकि सभी को वक्त आने पर पार्टी में मौका मिलता है। उन्होंने कहा कि सभी पदाधिकारीगण एकजुटता के साथ अपनी पूरी क्षमता से कार्य करें क्योंकि राजस्थान में सरकार के विरूद्ध कोई एंटीइनकबैंसी नहीं है तथा पुनः कांग्रेस की सरकार आ सकती है। उन्होंने कहा कि यदि सभी कांग्रेस नेता एवं कार्यकर्ता एकजुटता के साथ जुट जायेंगे तो कांग्रेस की सरकार प्रदेश में निश्चित रूप से पुनः आयेगी। उन्होंने कहा कि सरकार ने अपना काम किया है, जिसने जो मांगा, सरकार ने दिया, इसलिये अब संगठन को जनता के बीच जाकर जुटना होगा और सुनिश्चित करना होगा प्रदेश में पुनः कांग्रेस की सरकार बने तथा 2024 में केन्द्र से भाजपा सरकार की विदाई हो। बैठक को सहप्रभारी वीरेन्द्र सिंह राठौड़, अमृता धवन ने भी सम्बोधित किया।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

हिमाचल प्रदेश, नई दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, असम समेत देश के अनेक क्षेत्र में बाढ़ के रौद्र रूप ने हमें यह सोचने पर विवश कर दिया है कि हम विकास के नाम पर प्रकृति से कितनी निर्दयता से छेड़छाड़ कर रहे हैं। बाढ़ से हो रहे विनाश के कारणों का आंकलन करता आजकल का यह अंक





‘विकास’ की विसंगतियां

विश्लेषण
प्रमोद जोशी
वरिष्ठ पत्रकार

बारिश व बाढ़ से सबसे अधिक नुकसान शिमला और कुल्लू-मनाली की घाटी में हुआ। इन दोनों जिलों में पिछले कुछ समय से पर्यटन का इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार करने के लिए बेतहाशा निर्माण चल रहा है। सड़कों को चार लेन बनाने का काम तेजी से चल रहा है। भारी मशीनरी और ब्लास्टिंग तकनीक के सहारे पहाड़ों को काटकर सड़कों को चौड़ा किया जाता है। चौड़ी दीवारों के तटबंध बनाए गए हैं, जिनसे नदियां संकरी हो गई हैं। उनके स्वाभाविक रास्ते पर इमारतें खड़ी कर दी गईं, जिन्हें हमने इस दौरान ताश के पत्तों की तरह ढहते हुए देखा है। पर्यावरण विशेषज्ञ मानते हैं कि इसे प्राकृतिक नहीं मानव-निर्मित आपदा कहना चाहिए।

दिल्ली में यमुना का पानी हालांकि उतरने लगा है, पर शुक्रवार को सहायता के लिए सेना और एनडीआरएफ को आना पड़ा। यमुना तो उफन ही रही थी, बारिश का पानी नदी में फेंकने वाले ड्रेन रेग्युलेटर में खराबी आ जाने की वजह से उल्टे नदी का पानी शहर में प्रवेश कर गया। सिविल लाइंस, रिंग रोड, आईटीओ, राजघाट और सुप्रीम कोर्ट की परिधि तक पानी पहुंच गया। तटबंध और रेग्युलेटर की मरम्मत के लिए सेना की कोर ऑफ इंजीनियर्स को बुलाना पड़ा। हिमाचल, उत्तराखंड, हरियाणा और पंजाब से भी अतिवृष्टि और बाढ़ की भयावह खबरें आ रही हैं। 2013 की उत्तराखंड आपदा के बाद एक भी साल ऐसा नहीं गया जब कम से कम एक बार खतरनाक बारिश नहीं हुई हो। एक तरफ बाढ़ है, तो दूसरी तरफ बहुत से इलाके ऐसे हैं, जहां सूखा पड़ा है। ऐसा भारत में ही नहीं, पूरी दुनिया में है। इस त्रासदी में प्रकृति की भूमिका है, जिसके साथ छेड़छाड़ भारी पड़ रही है। हमारी प्रबंध-क्षमता की खामियां भी उजागर हो रही हैं। पानी का प्रबंधन करके हम इसे संसाधन में बदल सकते थे, पर ऐसा नहीं कर पाए। परंपरागत पोखरों, तालाबों और बावड़ियों को हमने नष्ट होने दिया। बचा-खुचा काम राजनीति ने कर दिया। उदाहरण है ऐसे मौके पर भी दिल्ली सरकार और एलजी के बीच चल रही तकरार। पावर गेम में जनकल्याण हाशिए पर है।

दिल्ली में संकट

दिल्ली में यमुना नदी का पानी गुरुवार को 208.6 मीटर के पार पहुंच गया। इससे पहले साल 1978 में आख़िरी बार यमुना का पानी 207.49 मीटर तक पहुंचा था। तब काफ़ी नुकसान हुआ था। दिल्ली में 1924, 1977, 1978, 1995, 2010 और 2013 में बाढ़ आई थी। लोग घबरा गए कि कहीं हालात 1978 जैसे न हो जाएं। शहर के अलावा उत्तरी दिल्ली में 30 गांवों में बाढ़ आ गई। दिल्ली देश की राजधानी है और कुछ हफ़्तों बाद यहां जी-20 शिखर वार्ता होने जा रही है। बाढ़-प्रबंधन में विफलता का दुनिया के सामने अच्छा संदेश नहीं जाएगा। बरसात अभी खत्म नहीं हुई है। अगस्त और सितंबर बाक़ी है। दिल्ली में बारिश रुक जाने के बाद भी यमुना का जलस्तर बढ़ता रहा। वजह थी कि पीछे से पानी आता रहा। इसके कारणों को देखना और समझना होगा। पानी को रोकने और छोड़ने के वैज्ञानिक तरीकों पर विचार करने की जरूरत है।

नदी-प्रबंधन

विशेषज्ञ बताते हैं कि दिल्ली में वज़ीराबाद बैराज से ओखला बैराज के 22 किमी के हिस्से में औसतन 800 मीटर की दूरी पर 25 पुल बन गए हैं। ये पुल पानी के सामान्य बहाव को रोकते हैं और नदी की हाइड्रोलॉजी को भी प्रभावित करते हैं। यमुना के ऊपरी हिस्से में खनन और तल में जमा गाद या कीचड़ को मशीन से साफ करने की जरूरत होती है। नदी अपने आप गाद को बहा नहीं सकती। विशेषज्ञ यह भी कहते हैं कि यमुना के खादर (फ़्लडप्लेन) को बचाकर नहीं रखा गया, तो संकट बढ़ जाएगा। हालांकि तटबंधों के कारण पानी फ़्लडप्लेन में सिमटा रहा, पर वह इतना चौड़ा नहीं होता तो दिल्ली शहर लोगों के घरों में पानी घुस जाता। हिमाचल में यही हुआ। हिमालय से निकलने वाली नदियों में बाढ़ आना आम बात है। यह बाढ़ नदी का जीवन है। इससे नदियों के खादर में पानी का संग्रह हो जाता है। नदियों के ऊपरी इलाकों में पानी को थामे रहने की क्षमता कम हो गई है। जंगल, ग्रासलैंड व वैटलैंड कम हो गए हैं। इससे नदियों के निचले इलाकों में पानी ज़्यादा हो जाता है। नदियों के ऊपरी इलाकों में पानी को रोकने की व्यवस्था होनी चाहिए।

हिमाचल में तबाही

जिस तरह 2013 में उत्तराखंड से भयानक बाढ़ की तस्वीरें आईं थीं, करीब-करीब वैसी ही तस्वीरें इस साल हिमाचल प्रदेश से आई हैं। ब्यास, सतलुज, रावी, चिनाब (चंद्र और भागा) और यमुना उफनने लगीं। तेज हवा और भयंकर जलधारा से ख़तरा पैदा हो गया। ब्यास नदी के पास घनी आबादी वाले कुल्लू और मनाली में भीषण तबाही हुई। ब्यास नदी की घाटी में, नदी के एकदम करीब काफी निर्माण हुए हैं। तेज रफ्तार ब्यास ने रास्ता बदला और मनाली से मंडी के बीच तमाम मकानों, वाहनों, जानवरों और सड़कों को बहाती ले गई। ब्यास की रफ़्तार इस इलाके में तेज़ होती है और वह सड़क के काफी करीब से बहती है। यह तबाही प्रकृति के साथ हो रहे खिलवाड़ का नतीजा है। हिमाचल के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू का अनुमान है कि चार हजार करोड़ रुपये से ज्यादा का नुकसान हुआ है। पर्यावरण और पारिस्थितिकी के साथ छेड़छाड़ के पहले संकेत पहाड़ों, नदियों और तालाबों से मिलते हैं। विडंबना है कि सबसे ज्यादा विनाश की खबरें उन इलाकों से आ रही हैं, जहां सड़कें, बांध, बिजलीघर और होटल वगैरह बने हैं। ‘विकास और विनाश’ की इस विसंगति पर ध्यान देने की जरूरत है।

मानव-निर्मित आपदा

मीडिया रिपोर्टों के अनुसार सबसे अधिक नुकसान शिमला और कुल्लू-मनाली की घाटी में हुआ। इन दोनों जिलों में पिछले कुछ समय से पर्यटन का इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार करने के लिए बेतहाशा निर्माण चल रहा है। सड़कों को चार लेन बनाने का काम तेजी से चल रहा है। भारी मशीनरी और ब्लास्टिंग तकनीक के सहारे पहाड़ों को काटकर सड़कों को चौड़ा किया जाता है। चौड़ी दीवारों के तटबंध बनाए गए हैं, जिनसे नदियां संकरी हो गई हैं। उनके स्वाभाविक रास्ते पर इमारतें खड़ी कर दी गईं, जिन्हें हमने इस दौरान ताश के पत्तों की तरह ढहते हुए देखा है। हिमाचल के पर्यावरण विशेषज्ञ मानते हैं कि इसे प्राकृतिक नहीं मानव-निर्मित आपदा कहना चाहिए। बाढ़ तो पहले भी आती थी, लेकिन अब पानी की तीव्रता बढ़ गई है। उसके साथ बोल्डर, लकड़ी, ट्रक-कारें और निर्माण सामग्री बहकर आ रही है, जो किनारों से टकराकर और ज्यादा तबाही पैदा कर रही हैं। चंबा जैसे कुछ पुराने शहरों मे, ज्यादा निर्माण नहीं हुए वहां नुकसान भी नहीं हुआ। शिमला-कालका रोड पहले कभी बंद नहीं होता था, लेकिन जबसे इसको चौड़ा करने का काम शुरू, तब से यह अक्सर बंद हो जाता है।

बदलती जलवायु

बाढ़ और वर्षा की यह कहानी पूरे देश की नहीं है। मौसम विभाग की वेबसाइट पर नज़र डालें, बड़ा फर्क पाएंगे। कहीं भारी बारिश है, तो कहीं सूखा है। इस साल 1 जून से 15 जुलाई तक हुई वर्षा की तुलनात्मक स्थिति पर एक नज़र डालें। इसके अनुसार हिमाचल, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, राजस्थान और गुजरात में सामान्य से 60 फीसदी या उससे भी ज्यादा वर्षा हुई है, वहीं महाराष्ट्र, कर्नाटक, केरल, तेलंगाना, छत्तीसगढ़, ओडिशा, झारखंड, बिहार, अरुणाचल, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में सामान्य से 20 से 60 फीसदी तक कम बारिश हुई है। यह ज़मीन और आसमान का फर्क है। यह फर्क इलाकों का ही नहीं है, समय का भी है। संभव है कि आने वाले कुछ समय बाद उन इलाकों में भारी बारिश होने लगे, जहां इस समय नहीं हो रही है।

मौसम का खिलवाड़

मौसम के इस मिजाज का पता 2019 में बिहार में देखने को मिला, जब मॉनसून का समय खत्म होने के बाद भी बारिश होती रही। मौसम विभाग की भविष्यवाणी थी कि इस साल सामान्य से कम वर्षा होगी, पर उस इलाके में सामान्य से ज्यादा हो गई। केवल बिहार ही नहीं उत्तर प्रदेश में भी उस साल आखिरी दिनों की इस बारिश ने जन-जीवन अस्त-व्यस्त कर दिया। मौसम विभाग के अनुसार दक्षिण पश्चिम मॉनसून को 30 सितंबर को वापस हो जाना चाहिए था, बल्कि आधिकारिक तौर पर वह वापस चला गया, पर सामान्य के मुकाबले 110 प्रतिशत वर्षा के बावजूद बिहार में बारिश जारी रही और मॉनसून की वापसी 10 अक्तूबर से शुरू हुई। पिछले एक सौ वर्षों का वह सबसे लंबा मॉनसून साबित हुआ। उसके पहले सन 1961 में मॉनसून की वापसी 1 अक्तूबर को हुई थी और 2007 में 30 सितंबर को। उस साल हरियाणा, दिल्ली और चंडीगढ़ में 42 फीसदी कम वर्षा हुई। यह सब मौसम में आ रहे बदलाव की निशानी है। मौसम विज्ञानी इन परिघटनाओं का विश्लेषण करेंगे, और अर्थशास्त्री इसके हानि-लाभ पर विचार करेंगे, पर इसमें दो राय नहीं कि मौसम का बदलाव वैश्विक विचार का विषय है।

ग्लोबल वॉर्मिंग

वैश्विक तापमान बड़ी तेजी से बढ़ रहा है। ताजा रिपोर्ट है कि 174 वर्षों के जलवायु इतिहास में जून 2023 में सबसे गर्म महीना रहा। यह पहला मौका है जब जून के महीने का औसत तापमान सामान्य से 1.05 डिग्री सेल्सियस ज्यादा दर्ज किया गया है। ‘डाउन टू अर्थ’ के अनुसार नेशनल ओसेनिक एंड एटमॉस्फेरिक एडमिनिस्ट्रेशन के नेशनल सेंटर फॉर एनवायरनमेंटल इनफॉर्मेशन ने 13 जुलाई को जारी अपनी ताजा रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। रिपोर्ट के अनुसार यह लगातार 47वां जून का महीना है जब तापमान बीसवीं सदी के औसत तापमान से ज्यादा दर्ज किया गया है। इसी तरह पिछले 532 महीनों से कभी भी तापमान 20वीं सदी के औसत तापमान से नीचे नहीं गया। ज़ाहिर है कि जलवायु परिवर्तन का असर दुनिया पर हावी होता जा रहा है। इससे पहले जून के दौरान अब तक सबसे ज्यादा तापमान 2020 में दर्ज किया गया था, जब तापमान सामान्य से 0.92 डिग्री सेल्सियस ऊपर था। इस साल तापमान ने उस रिकॉर्ड को भी तोड़ दिया। जून के दौरान आर्कटिक और अंटार्कटिका में जून के दौरान अब तक की सबसे कम समुद्री बर्फ रही। इस साल जून के महीने में समुद्रों में जमा बर्फ अपने पिछले निम्नतम रिकॉर्ड, जून 2019 की तुलना में 3,30,000 वर्ग मील कम रही। कुल मिलाकर मौसम के रौद्र रूप के पीछे जहां ग्लोबल वार्मिंग के कारण मौसम चक्र में आ रहे बदलाव है, वहीं शहरी विकास की विषंगतियां भी हैं। विकास के नाम पर हम कंक्रीट के जंगल बना रहे हैं तो नदी नाले, झील व तालाब, वन क्षेत्र आदि की जगहों पर अतिक्रमण कर रहे हैं।

सियासत नहीं काम से बाढ़मुक्त होंगे शहर

दो टूक
योगेश कुमार सोनी
वरिष्ठ पत्रकार

हाल ही के दिनों में देशभर में बाढ़ आ रही है। कई जगह बेहद प्रभावित हुई हैं व देशभर में कई लोगों की जानें भी जा चुकी। महानगरों के संदर्भ में बात करें तो हालात बेहद खराब हैं और इस बार राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की स्थिति सबसे ज्यादा बदतर है। दिल्ली यमुना नदी खतरे के निशान के ऊपर बह रही है। दिल्ली के कई इलाके इतने जलमग्न हैं कि लोगों के घर में पानी घुस चुका है और वह बहुत कठिनाइयों के साथ समय निकाल रहे हैं। कोई रिश्तेदार के जा रहा है तो कोई होटल में रुका है और जिसकी आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं है वह सड़कों पर डेरा डाले हुए हैं। दिल्ली को कनेक्ट करने वाले मुख्य मार्ग आईटीओ, लाल किला, और रिंग रोड पर भी पानी भरने से दिल्ली पूरी तरह ठप हो गई। राजधानी होने की वजह से एक दिन में ही बहुत बड़ा आर्थिक नुकसान होता है। इसके अलावा देश यहां प्रधानमंत्री सहित देश के सभी नेता रहते हैं, जिससे राजनीतिक गतिविधि भी कम हो गई।

गंभीर प्रयास नहीं

बहरहाल, यमुना में बाढ़ का विशेष कारण हथिनी कुंड बैराज से छोड़ा गया पानी बताया जाता है। हालांकि इस मामले में सभी राजनीतिक दल एक-दूसरे पर आरोप मढ़ते दिख रहे हैं। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, बीजेपी पर आरोप मढ़ रहे हैं और बीजेपी, आम आदमी पार्टी पर आरोप लगा रही है। इस तरह के बयान जनता को बेवकूफ बनाने या पल्ला झाड़ने तक तो सही है लेकिन यदि इसकी सच्चाई को देखें तो इन दोनों पार्टियों में से किसी एक ने भी इस ओर जरा सा भी काम नहीं किया। स्पष्ट है कि हथिनी कुंड बैराज को पिछले बीस से अपग्रेड करने की बात हो रही है, लेकिन इस ओर एक कदम भी नहीं बढ़ा वहीं दूसरी ओर दिल्ली से यूपी व हरियाणा जाने का सारा रास्ता अवैध प्रॉपर्टियों से बाधित है जिस पर कोई न कुछ कहता है और न करता है। कुल मिलाकर हालात यह हैं कि दिल्लीवासियों को अपनी जान व माल की रक्षा व सुरक्षा स्वयं करनी पड़ रही है। इस बार भी देख लिया कि बाढ़ से निपटने की हमारे पास कोई व्यवस्था नहीं है। कोई भी ऐसा तंत्र या सिस्टम नहीं है जो आकस्मिक स्थिति में लोगों को बचा सके। जीवन-मरण स्थलों तक बात आ गई। दिल्ली के सबसे बड़े श्मशान घाट निगमबोध में लोग अपनों की चिता भी नहीं जला पा रहे हैं, चूंकि वह बाढ़ के पानी से पूरा घाट डूब चुका है वहीं अस्पतालों में पानी भरने के कारण मरीजों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ा। दिल्ली की स्थिति को तकनीकी तौर से समझा जाए तो विशेषज्ञों के अनुसार लगभग 20 किलोमीटर की नदी पर 25 पुल के निर्माण के कारण पानी का प्रवाह रुकता है। यमुना में वजीराबाद से ओखला तक बीस से

अधिक पुल 20 किलोमीटर के दायरे में आए पानी के बहाव को बाधित करते हैं जिससे नदी के तल में गाद जमा हो जाती है और रेतीली चट्टानों का निर्माण हो जाता है। यमुना के जलस्तर में बड़े स्तर पर वृद्ध का एक प्रमुख कारण गाद जमना है, जिसके कारण नदी का तल ऊंचा हो जाता है। गाद से पानी में ठहराव कम हो जाता है और गति बढ़ जाती है जिसकी वजह से पानी एकदम प्रवाह में आकर अपना रौद्र रूप धारण कर लेता है।

अवैध निर्माण

इसके अलावा दिल्ली में अपनी क्षमता से अधिक प्रॉपर्टी बन गई रही है जिसकी वजह से पानी की के ठहरने व बहने की जगह खत्म होती जा रही है। हालात यह है कि लोगों ने दिल्ली नगर निगम व सभी संबंधित विभागों से मिलकर तालाब, जोहड़ व अन्य सभी सरकारी खाली जगहों पर बिल्डिंग बना ली, जिससे स्थिति यह है कि दिल्ली में एक इंच जगह भी नहीं बची। वैसे तो इसके बड़े उदाहरण हैं लेकिन नोएडा से दिल्ली जाने वाले जिसको डीएनडी एक्सप्रेस-वे कहते हैं, वहां खादर पर लोगों ने बडी-बड़ी इमारतें बना ली। पांच-दस नहीं सैकड़ों की तादाद में वहां घर, अस्पताल व अन्य कई प्रकार की इमारतें बना डाली। सबको यह भली-भांति पता है यह खादर की जगह है और यहां बाढ़ या थोड़ा सा भी पानी का स्तर बढ़ जाने पर जान माल का खतरा हो सकता है फिर भी विभागों की मिलीभगत से खुलेआम हर रोज कई प्रॉपर्टी बन जाती है और अब जब दिल्ली में बाढ़ आई तो सबको वहां से भागना पड़ा और लोगों का करोड़ों का नुकसान भी हुआ। इससे सिर्फ उनका ही नुकसान नहीं हुआ, इस वजह से बाकी लोगों को भी भारी क्षति हुई चूंकि जो पानी वहां से बहता हुआ आगे नोएडा की ओर निकलता है, वह फैलकर दिल्ली में रह गया और सड़कों व कॉलोनियों में घुस गया। इसके अलावा दिल्ली से सटे नोएडा की पूरी खादर में अवैध रूप से हजारों फार्म हाउस बना डाले, जिससे पानी की जगह बदलनी पड़ी और यहां लोग जल प्रलय के शिकार हुए। नोएडा में अवैध फॉर्म प्रकरण की बात तो करें तो यह खुला खेल देश के सबसे हाईटेक शहर में खुलेआम चल रहा है। बीते दशकभर में यहां तमाम पूजीपतियों ने हजारों फार्म हाउस बना डाले। यहां कई बार डेमोलिशन भी हो चुकी, लेकिन फिर कुछ दिनों बाद लोग विभाग की मिलीभगत से दोबारा बना लेते हैं। इसके अलावा महानगरों में जंगल के नाम पर महानगरों में कुछ नहीं बचा और जनसंख्या वृद्धि की वजह से जंगलों का विनाश लगातार जारी है। हम इस बात से जानकर भी अंजान बने हुए हैं कि पेड़ हमारी जिंदगी के पर्याय हैं। जैसा कि हम यह बात बचपन से पढ़ते व समझते आ रहे हैं कि पेड़ों से हमे ऑक्सीजन मिलती है जो इंसान की जिंदगी के लिए बेहद जरूरी है, लेकिन हम इस बात शायद विनाश के बाद ही समझ पाएंगे लेकिन दुष्परिणाम अब लगातार देखने को मिल रहे हैं। जंगल, तालाब, झील व अन्य सभी प्राकृतिक स्त्रोतप्रकृति की सबसे बड़ी देन मानी जाती है।

अंधाधुंध कटान

एक रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया में हर साल एक करोड हेक्टेयर इलाके के वन काटे जा रहे हैं। अकेले भारत मे 10 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में फैले जंगल कट रहे हैं। इस वजह से हर देश के हर राज्य का मौसम प्रभावित होने लगा। शहरीकरण के लालच व विकास की भूख ने हमारे जीवन से हरियाली को खत्म कर दिया।

जलवायु परिवर्तन के कारण विभीषिका

पर्यावरण
निरंकार सिंह
वरिष्ठ पत्रकार

पूर्वोत्तर के असम में आई भारी बाढ़ के बाद अब उत्तर भारत के कई राज्य भारी बारिश और बाढ़ का कहर झेल रहे हैं। हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा, जम्मू-कश्मीर, राजस्थान और दिल्ली में कई जगह जलमग्न हैं। पानी के तेज बहाव में गाड़ियां बहती दिख रही हैं। घरों के अंदर पानी घुस गया है। उफनती नदियों की वजह से तटबंध टूट रहे हैं और मकान टूट गए हैं।

खौफनाक मंजर

राजधानी दिल्ली में कई इलाकों में पानी भर गया है। कम से कम 30 हजार लोगों को बाहर निकालने की तैयारी है। यमुना नदी ने खतरे के निशान को पार कर लिया है। बारिश से सबसे ज्यादा तबाही हिमाचल प्रदेश में हुई है। लगातार बारिश, टूटे मकानों, पुलों और सड़कों से जनजीवन ठप हो गया है। मनाली कुल्लू, किन्नौर, चंबा और मंडी में अचानक आई बाढ़ की वजह से कई मकान और दुकानें बह गई हैं। राज्य में रावी, ब्यास, सतलज, स्वान और चेनाब समेत सभी प्रमुख नदियां उफान पर हैं। उत्तराखंड में भारी बारिश पर्वतीय इलाकों में कई सड़कें बंद हो गई हैं। कई गांव जिला मुख्यालय से कट गए हैं। मौसम के बदलते तेवर से प्राकृतिक आपदाओं में वृद्धि, पर्यावरणीय गिरावट और जैव विविधता की हानि कृषि को तो तबाह कर ही रही है, अब यह इंसानों को भी प्रभावित कर रही है।

चरम मौसम

जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभाव के नए नए स्वरूप देखने को मिल रहे हैं। पिछले कई दशकों से वैज्ञानिक शोध हमें कई तरह की जलवायु परिवर्तन के खतरों से आगाह करते रहे हैं और उनकी वजह से मौसम आदि में बदलावों और उसके इंसानों और अर्थव्यवस्थाओं को हो रहे नुकसान के बारे जानकारी दे रहे हैं, लेकिन जलवायु परिवर्तन का दुनिया में अब तक कितना प्रभाव पड़ा है और उससे क्या क्या बदलाव आए हैं यह एक नए अध्ययन में वैज्ञानिकों ने पता लगाने का प्रयास किया है। यह सवाल और ज्यादा प्रासंगिक इसलिए भी हो गया है क्योंकि हाल ही में दुनियाभर में चरम मौसम की घटनाओं में तेजी से इजाफा देखने को मिला है। पश्चिमी अमेरिका, पूर्वी अफ्रीका, चीन और उत्तरी मैक्सिको भीषण सूखे का सामना कर रहे हैं। पाकिस्तान और कुछ अमेरिकी इलाकों में भीषण तबाही देखने को मिली है। सूखे और बाढ़ के अलावा यूरोप और उत्तर पश्चिम प्रशांत भीषण गर्मी का सामाना कर रहे हैं जहां ग्रीष्मलहरों ने कहर ढाया है। दक्षिणी अफ्रीका में विनाशकारी तूफान, अमेरिका में तीव्र हरिकेन जैसी घटनाओं ने चरम मौसम के रूप में अभूतपूर्व उपस्थिति दर्ज कराई है। इनका पूर्वानुमान वैज्ञानिकों ने लंबे समय पहले ही लगा लिया था। चीन, भारत और पाकिस्तान से लेकर

यूरोप तथा अफ्रीका जैसे देशों में जलवायु परिवर्तन का बुरा असर देखने को मिल रहा है। पाकिस्तान में पिछले साल ऐतिहासिक बारिश और बाढ़ ने सबको हिला कर रख दिया था। लाखों लोगों के प्रभावित होने व आधिकारिक तौर पर सरकार द्वारा लगभग 1000 से अधिक मौतों की पुष्टि की गई थी। देश के जलवायु परिवर्तन मंत्री शेरी रहमान ने मौजूदा स्थिति को ‘जलवायु-प्रेरित मानवीय आपदा’ बताया। .मौसम विज्ञान कार्यालय में एक वरिष्ठ अधिकारी सरदार सरफराज ने बताया कि जुलाई के महीने में पाकिस्तान ने राष्ट्रीय स्तर पर औसत से लगभग 200 प्रतिशत ज्यादा रिकॉर्ड बारिश दर्ज की। इस तरह यह 1961 के बाद से सबसे ज्यादा बरसात दर्ज करने वाला साल जुलाई 22 बन गया है।

बड़ी आशंका

भारत में साल 1901 से 2018 के बीच में तापमान 0.7 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि के साथ लग बढ़ता नजर आया है। वहीं मई 2022 में भी भ और पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान में भीषण गर्मी की गई थी। दोनों ही देशों के कुछ हिस्सों में 51 डिग्री सेल्सियस की सीमा पार करता रि हुआ। मौसम से जुड़े शोधकर्ताओं के मुता जलवायु परिवर्तन के तहत आगे इस तरह की वेव्स के 100 गुना तक पहुंचने की आशंका है। गिव इंडिया की एक रिपोर्ट के मुताबिक इस बात के साक्ष्य के रूप में कई शोध हैं, जो बताते हैं कि भारत में पड़ने वाली गर्मियां और गर्म और खतरनाक तथा लंबे समय प्रभावित करने वाली हो गई हैं। वहीं कई वैज्ञानिकों ने इस बात का दावा किया है कि स्थिति अभी और बदतर होने की आशंका है। अध्ययनों के अनुसार, भारत में अप्रैल से जून के महीनों में पड़ने वाली गर्म लहरों की आवृत्ति 21वीं सदी के अंत तक तीन से चार गुना अधिक हो सकती है। ऐसा 1976 से 2005 की अवधि के तापमान की तुलना में पता लगाया गया है। साथ ही इन गर्म लहरों की औसत अवधि में भी दोगुनी वृद्धि होने की संभावना है जिसका असर पूरे भारत में देखने को मिल सकता है। हालांकि गंगा के मैदानी इलाकों में देश के बाकी हिस्सों की तुलना में प्रभाव अधिक हो सकता है।

तापमान में ऐतिहासिक वृद्धि

लगभग 70 से अधिक दिनों के लगातार बढ़ते तापमान और कम होते वर्षा स्तर के साथ, चीन ने अपने इतिहास का सबसे भयानक सूखा दर्ज किया है। दक्षिणी चीन में इस प्रकार की स्थिति लगभग 60 साल बाद तथा सबसे लंबी अवधि के लिए रिकॉर्ड हुई है। यूरोप ने इस तरह की भयावह स्थिति लगभग 500 साल के बाद महसूस की गई। कहा जा रहा है कि यूरोप में ऐसी भीषण गर्मी का एहसास आखिरी बार 1540 में किया गया था। उस दौरान पड़े सूखे की वजह से तब हजारों लोगों ने दम तोड़ दिया था। इस साल सूखे के साथ साथ दुनिया के कई देशों में रिकॉर्ड तोड़ हीट वेव्स दर्ज की गई हैं जिसके चलते तापमान में ऐतिहासिक स्तर की बढ़ोतरी हुई है। जलवायु परिवर्तन के असर के मामले में साल 2022 अभूतपूर्व रहा। दुनिया में सूखे, बाढ़, तूफान, जंगलों में आग,

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

सितारा न्यूज ब्रीफ

रैणी के बीलेटा गांव के पहाड में मिले है लेड (पीबी) जैसे बहुमूल्य खनिजः सरपंच बीलेटा

सितारा न्यूज नेटवर्क

रैणी(अलवर) महेश चन्द मीना । अलवर के रैणी-उपखंड क्षेत्र के बीलेटा पंचायत मुख्यालय पर पहाड मे चांदी , जैस्ता जैसे बहुमूल्य खनिज पदार्थ के पत्थर मिलने की सूचना बीलेटा सरपंच नवल किशोर गुर्जर ने दी । गुर्जर ने बताया कि बीलेटा के पहाड मे अजीब किस्म के चमकीले पत्थर मिले है जिनकी रसायन शास्त्र के विधार्थी द्वारा लैब मे जांच कराने पर पाया गया कि लेड जैसे खनिज पदार्थ की बहुत ज्यादा सम्भावना बताई है। लोगो ने अनजान मे ऐसे चमकीले पत्थर को मकान की नींव मे भी लगा दिए है ये पत्थर अन्य दूसरे पत्थर से भारी भी होते है और चमकीले भी बहुत ज्यादा होते है जो रात मे भी चमकते है। लोगो के लिए यह आश्चर्य की बात बनी हुई है कि हमारे गांव मे चांदी जैसा महंगा बहुमूल्य पदार्थ भी मिल सकता है। इससे पूर्व एक टैक्टर की ट्रॉली पत्थर व रोडी मुश्किल से दो हजार रुपए मे ही मिल जाती थी लेकिन यदि यहा पर सच मे चांदी मिल गई तो पत्थर मिलते ही बन्द हो जाएगे। उधर मिडिया को जब ये खबर मिली मिडिया ने खनन विभाग के इन्जीनियर राजेन्द्र सिंह चौधरी से इस सम्ब्न्ध मे जानकारी चाही लेकिन फोन से सम्पर्क नही हो सका।

अलवर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने किया प्रेस वार्ता का आयोजन

प्राथमिक उपचार पर आधारित कविता पानी और आग का संगम का किया पोस्टर विमोचन

सितारा न्यूज नेटवर्क

रुपेश शर्मा अलवर । अलवर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की ओर से राजीव गांधी सामान्य अस्पताल आई एम ए होल में की प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया । प्रेस वार्ता में बताया की जल जाने पर प्राथमिक उपचार पर आधारित कविता पानी और आग का अनूठा संगम पोस्टर का विमोचन किया गया है ।इस दौरान आइएएम जिला अध्यक्ष एससी मित्तल और डॉक्टर सुनील रस्तोगी मोजूद रहे उन्होंने बताया की जैसे कोई व्यक्ति आग से जल जाता है तो तुरंत उस जगह सादा पानी डालना चाहिए जिससे की समय पर बचाव हो सके जब जलने के दौरान जलन होती है, तो उस समय साफ रुमाल से ढकना चाहिए ।उन्होंने बताया की बर्फ और ठंडा पानी जली हुई त्वचा की दुश्मन , जलने वाली जगह पर फफोले हो जाते है तो उनको फोड़ना नही चाहिए ना ही उनसे छेड़छाड़ नहीं करनी चाहिए । उन्होंने बताया की इसके लिए जागरूकता अभियान जरूरी है और इसके लिए स्कूल और संबंधित अस्पताल में पोस्टर लगाए जाएंगे । साथ ही बताया कि मुख्यमंत्री आज इस पोस्टर का विमोचन करने जा रहे है ।

मंत्री टीकाराम जूली व पूर्व केंद्रीय मंत्री भंवर जितेंद्र सिंह न अलवर शहर वार्ड 47 में रिबन काटकर किये विभिन्न उद्घाटन

सितारा न्यूज नेटवर्क

युवराज शर्मा / अलवर । सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री टीकाराम जूली एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री भंवर जितेन्द्र सिंह ने आज अलवर शहर के वार्ड नं. 47 के रेलवे कॉलोनी एवं आनन्द विहार कॉलोनी में नव निर्मित युवरानी महेन्द्रा कुमारी स्मृति उद्यान, सीसी सडक और हाई मास्क लाइट तथा वार्ड नं. 44 में फ्रंटियर विकास समिति की ओर से बनाए गए महात्मा गांधी पार्क एवं बोरिंग तथा चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग अलवर द्वारा शहरी स्वास्थ्य कल्याण केंद्र (पुरानी डिस्पेंसरी स्कीम नं. 2) का विधिवत फीता काटकर उद्घाटन व शुभारम्भ किया।उन्होंने कहा कि राज्य सरकार आमजन के हित को ध्यान में रखते हुए लगातार विकास कार्यों को अमली जामा पहना रही है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में सरकार द्वारा आमजन को निरोगी राजस्थान के तहत बेहतर चिकित्सा उपलब्ध कराने के लिए उल्लेखनीय कार्य किए जा रहे हैं।

इस अवसर पर प्रदेश महा सचिव अजीत यादव, पीएमओ डॉ. सुनील चौहान, पार्षद कुसुमलता गोपालिया, देवेन्द्र कौर, नागेन्द्र सिंह, जयदीप आर्यन, नरेन्द्र मीणा, विक्रम यादव, लोचन यादव, सोनू गोपालिया, राजकुमार मेहन्दीरत्ता, के.के खण्डेलवाल, निलेश खण्डेलवाल, कुलदीप कालरा, हरिशंकर रावत, सौरभ कालरा, दरियाब सिंह चौधरी, राधेश्याम खुडानिया, चेतन सिंह, जगदीश, महेन्द्र सिंह सहित प्रबुद्ध व्यक्ति एवं आमजन उपस्थित रहे।

कारागार विभाग के बन्दियों को रोजगार से जोडने व आमजन को सुविधाएं उपलब्ध कराने की अभिनव पहल..

केंद्रीय कारागार परिसर में लगाए गए पेट्रोल पम्प 'आशाएं दा फिलिंग स्टेशन' का हुआ उद्घाटन

कारागार विभाग एवं सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री टीकाराम जूली एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री भंवर जितेन्द्र सिंह ने किया उद्घाटन

सितारा न्यूज नेटवर्क

रुपेश शर्मा /अलवर । कारागार विभाग एवं सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री टीकाराम जूली एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री भंवर जितेन्द्र सिंह ने कारागार विभाग के बन्दियों को रोजगार से जोडने एवं आमजन को सुविधा उपलब्ध कराने की अभिनव पहल के तहत केंद्रीय कारागार परिसर में लगाए गए पेट्रोल पम्प ह्यआशाएं दा फिलिंग स्टेशनह्न का उद्घाटन किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कारागार विभाग मंत्री जूली ने कहा कि कारागार विभाग एवं इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लि. के सहयोग से केंद्रीय कारागार परिसर में ह्यआशाएंह्न संस्था द्वारा यह पेट्रोल पम्प का संचालन शुरू किया गया है जिसमें खुली जेल में रहने वाले अच्छे चाल-चलन वाले कैदियों को उनकी योग्यता के अनुसार रोजगार उपलब्ध हो सकेगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार विभिन्न नवाचारों के माध्यम से जेल के बंदियों को कौशल प्रशिक्षण प्रदान कर रही है। वहीं खुली जेल में रहने वाले कैदियों

को इन नवाचारों के माध्यम से समाज की मुख्यधारा में जोडने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस पेट्रोल पम्प का संचालन बन्दियों द्वारा ही किया जाएगा जिसकी मॉनिटरिंग कारागार मॉनिटरिंग समिति द्वारा की जाएगी। मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व केंद्रीय मंत्री भंवर जितेन्द्र सिंह ने बंदियों को पेट्रोल पम्प के शुरू होने की बधाई देते हुए कहा कि कारागार विभाग की इस पहल से खुली जेल में रहने वाले अच्छे चाल-चलन व आचरण वाले बन्दियों को उनकी योग्यतानुसार रोजगार उपलब्ध होगा जो उनके और उनके परिवार के लिए ससम्मान जीवन यापन करने के साथ समाज की मुख्यधारा से जुडने के लिए अहम कडी साबित होगा। उन्होंने कहा कि इस पेट्रोल पम्प के शुरू होने पर शहरवासियों की सुविधाओं में विस्तार होगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा बंदियों को अपराध से सुधार के मार्ग पर लाने, कौशल विकास, रोजगार एवं स्वावलम्बन सहित मुख्य धारा में लाने का निरन्तर प्रयास किया जा रहा है। इस अवसर पर जेल परिसर में राष्ट्रपति महात्मा गांधी की प्रतिमा का अनावरण भी किया गया तथा बंदियान जेल की ओर से लगाई गईएलईडी प्रदर्शन का अवलोकन किया। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों का पुलिस बैंड से अगुवाई की गई। इस दौरान मेवात विकास बोर्ड के अध्यक्ष जुबेर खान, राजगढ-लक्ष्मणगढ विधायक जौहरी लाल मीणा, उप जिला प्रमुख श्रीमती ललिता मीणा, नगर पालिका चेयरमेन संजय गर्ग, महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष कमलेश सैनी, पार्षद मुकेश सारवान, केंद्रीय कारागार के अधीक्षक प्रदीप लखावत, जेलर सुमेर सिंह, उपाधीक्षक मुक्ति यदुवंशी, अजीत यादव, निलेश खण्डेलवाल, हरिशंकर रावत, रिपुदमन गुप्ता, नरेन्द्र सावित्री मीना, अनिल चुंग, ओमप्रकाश गोलिया, रूपेश वर्मा, धोलिया राम मीणा, जगदीश खटिक, राजेन्द्र व्यास, प्रतीक व्यास, अमरचंद, सुभाष बसवाल, छंगामल लखेरा सहित प्रबुद्ध व्यक्ति एवं इंडियन ऑयल के अधिकारी उपस्थित रहे।

युवा नेता प्रशांत हुंडावाल ने नए युवा मतदाताओं को किया जागरूक बोला मतदाता सूची में जुड़वाए नाम

सितारा न्यूज नेटवर्क

धौलपुर/अंकित गोयल। धौलपुर सामाजिक कार्यों में आगे रहकर अपनी भागीदारी सदेव रखने वाले समाजसेवी एडवोकेट प्रशांत हुंडावाल (प्रिंस) लगातर धौलपुर विधानसभा क्षेत्र के गांवों में अपनो के बीच पहुंचकर उनके सुख दुख में शामिल हो रहे इसी क्रम में धौलपुर विधानसभा क्षेत्र के गांवों में घर घर जाकर जनसंपर्क कर लोगो से जनसंवाद कर उनके गांव के अंदर बनी समस्याओं को जान रहे है जनसंपर्क के दौरान प्रशांत हुंडावाल (प्रिंस) सबसे पहले उन युवाओं को भी जागरूक कर रहे है कि वे अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वाए और आगामी माह में होने वाले चुनावों में अपनी भागीदारी निभाकर लोकतंत्र के पर्व में शामिल होवे इसी के साथ प्रशांत हुंडावाल (प्रिंस) ने कहा कि धौलपुर विधानसभा को विकास की ओर ले जाने का उनका संकल्प है

उन्होने ने कहा कि जो विकास कार्य पिछले काफी समय से नहीं किया वो विकास कार्य धौलपुर विधानसभा क्षेत्र में कराए जाने के प्रयास उनके द्वारा किए जायेंगे उन्होने कहा कि जनता की सेवा करना ही मेरा सर्वोपरि लक्ष्य है जातिगत भेदभाव को मिटाते हुए, सड़क, नालियों, जलभराव, स्वच्छ पीने का पानी, बिजली, रोजगार अन्य विकास कार्यों को ध्यान में रखकर प्रगतिशील विकास करना उनका मुख्य लक्ष्य है क्षेत्र की जनता के हर दुख-सुख में साथ हूं धौलपुर को विकास की ओर ले जाने के लिए हर सम्भव प्रयास करूंगा एवं बेरोजगारी से मुक्त कराने के लिए एकजुट होना सबसे जरूरी है धौलपुर विधानसभा क्षेत्र के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में जिनमे चम्बल के आस पास के गांव ओंडेला रोड के आस पास के गांव सरानी सहित दर्जन भर गावों में लोगों से डोर टू डोर जनसंपर्क कर लोगों की बुनियादी समस्याएं जानकर संबंधित अधिकारियों से बातकर उनका निस्तारण करने का आश्वासन दिया।

ब्राह्मण महासंगम की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित

चौमूं विधायक रामलाल शर्मा भी हुए शामिल

सितारा न्यूज नेटवर्क

जयपुर। आगामी 3 सितंबर को जयपुर में आयोजित होने वाले विराट ब्राह्मण महासंगम की तैयारियों की समीक्षा एवं समारोह के पीले चावल वितरण का कार्यक्रम सर्व ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित सुरेश मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। जिसमें चौमूं विधायक रामलाल शर्मा सहित विभिन्न ब्राह्मण संगठनों के पदाधिकारियों ने भाग लिया। राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित सुरेश मिश्रा ने ब्राह्मण महासंगम के उद्देश्य सभी के समक्ष प्रस्तुत किए जिसका उपस्थित सभी विप्र बंधुओं ने सर्वसम्मति से समर्थन करते हुए ब्राह्मण महासंगम को अब तक का सबसे ऐतिहासिक एवं भव्यतम आयोजन बनाने का संकल्प लिया, बैठक में सर्व ब्राह्मण महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष आनंद मिश्रा के नेतृत्व में जयपुर देहात कार्यकारिणी के पदाधिकारियों, सभी तहसील अध्यक्षों सहित जयपुर देहात के सैकड़ों जिला एवं तहसील पदाधिकारियों ने भाग लिया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम शर्मा ने सभी विप्र बंधुओं से 3 सितंबर को आयोजित होने वाले विराट ब्राह्मण महासंगम में अधिक से अधिक संख्या में पधारने का आह्वान किया, वही इस अवसर पर सर्व ब्राह्मण महासभा जयपुर देहात की ओर से महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित सुरेश मिश्रा का साफा बंधवा कर, महासभा का दुपट्टा एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर अभिनंदन किया एवं विराट ब्राह्मण महासंगम की सफलता की अग्रिम शुभकामनाएं प्रेषित की। इस अवसर पर जयपुर देहात के मार्गदर्शक अजय कुमार शर्मा ने भी अपने ओजस्वी विचार कविता के माध्यम से प्रस्तुत किए।

आईसीएआई व आयकर विभाग ने कर संबंधी शंकाओं का समाधान, क्लीनिक का आयोजन

उमेश कुमार मोदी/बीकानेर। आईसीएआई व आयकर विभाग द्वारा पूरे देश भर में आईसीएआई की 168 ब्रांचों में एक साथ टेक्स क्लीनिक का आयोजन हुआ। आईसीएआई की स्थानीय बीकानेर ब्रांच में भी आयकर विभाग के सहयोग से दो दिवसीय टैक्स क्लीनिक का आयोजन हुआ। ब्रांच अध्यक्ष सीए राहुल

पच्चीसिया ने बताया टैक्स क्लीनिक में आयकर अधिकारी उमेश चंद्र कच्छावा, हनुमान प्रसाद शर्मा, टैक्स क्लीनिक में सलाह देने वाले टैक्स एक्सपर्ट सीए मनमोहन मोदी, सीए वीरेंद्र सुराणा, ब्रांच के पूर्व अध्यक्ष सीए राकेश जाखड़ व ब्रांच कार्यकारिणी सदस्यों ने 100 से अधिक आमजन ने इस क्लीनिक में पहुंचकर अपनी कर संबंधी शंकाओं का समाधान प्राप्त किया व रिटर्न भरने में आ रही परेशानियों का हल पाया।

स्थानीय विधायक जौहरीलाल के मुख्यातिथ्य में सम्पन्न हुआ कार्यक्रम

ग्राम पंचायत रैणी नगरपालिका में क्रमोन्नत, मुख्यमंत्री ने किया लाइव टेलीकास्ट उद्घाटन

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि रैणी प्रधान प्रतिनिधी मांगेलाल मीना रहे एवं अध्यक्षता मीरा शिवचरण सैदावत चेयरमैन ने की

सितारा न्यूज नेटवर्क

रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना । अलवर के रैणी-उपखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत रैणी को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा बजट घोषणा संख्या 94/2023-24 के अन्तर्गत शनिवार 15 जुलाई को नगरपालिका रैणी का लाइव टेलीकास्ट द्वारा उद्घाटन किया गया। इस दौरान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक जौहरीलाल मीना रहे एवं विशिष्ट अतिथि के रूप मे रैणी प्रधान प्रतिनिधी मांगेलाल मीना रिटायर्ड चीफ इंजीनियर तथा रैणी और पधारे हुए सरपंचगण तथा नगरपालिका पार्षद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता रैणी नगरपालिका अध्यक्ष मीरा शिवचरण सैदावत के द्वारा वाइस चेयरमैन अशोक कुमार बैरवा के सानिध्य मे की गई। इस दौरान परबैणी सड़क से रामस्वरूप झूठाहेडा के मकान से होती हुई सीताराम के मकान के पास से टहटड़ा रोड की और 400 मीटर 20 लाख रुपए की लागत से बनने वाली सड़क का शिलान्यास किया एवं डेरा रोड पर मीणा मोहल्ला से होते बाजण्या बास से पूर्व सरपंच हरि सिंह मीना के मकान से होती हुई बीएसएनएल कार्यालय की ओर 1000 मीटर 63 लाख रुपए की लागत से बनने वाली सड़क का शिलान्यास किया व परबैणी रोड से बैरवा नांगल बास तक 2230 मीटर 67 लाख रुपए की लागत और रैणी नम्बर 2 से नगरपालिका सीमा चिलकी बास तक 2000 मीटर 60 लाख रुपए की लागत एवं एसडीओ ऑफिस से पंचायत समिति रैणी तक 500 मीटर 30 लाख रुपए व डेरा कीलपुरखेडा सड़क से माली बास , जगमालपुरा , बैरवा बास , भाबड्या बास , राखला बास , सुलानिया डूनार्या बास से मैन गांव हातोज तक 2000 मीटर 60 लाख रुपए की लागत से बनने वाली सड़को का शिलान्यास किया। इस दौरान समारोह में नगरपालिका का चेयरमैन मीरा सैदावत को शोल उड़ाकर सम्मानित किया व उपाध्यक्ष अशोक कुमार बैरवा का भी स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान रैणी सरपंच संघ अध्यक्ष हरिप्रसाद मीना , सरोज मीना सरपंच पाटन , रैणी पीडब्लूडी एईएन शिवराम मीना , मण्डल सदस्य रामजीलाल मीना , पूर्व सरपंच हरि सिंह मीना , पूर्व सरपंच पप्पू राम मीना सहित सभी ब्लॉक स्तरीय अधिकारी एवं सभी नगरपालिका पार्षद और अनेक गणमान्य लोग व जनप्रतिनिधी उपस्थित रहे। मिडिया को यह सारी जानकारी देवेन्द्र मेहर कांग्रेस के रैणी मण्डल अध्यक्ष द्वारा दी गई है।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

सितारा न्यूज ब्रीफ

संभागीय आयुक्त का ट्रांसफर निरस्त करने की मांग को लेकर सर्व समाज का अनिश्चितकालीन धरना शुरू

सितारा न्यूज नेटवर्क

उमेश कुमार मोदी/बीकानेर। बीकानेर संभागीय आयुक्त (डीसी) नीरज के पवन का ट्रांसफर निरस्त करने की मांग को लेकर सर्व समाज के लोगों ने कलेक्ट्रेट के आगे अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया। धरने पर बैठे लोगों ने आरोप लगाया कि संभागीय आयुक्त नीरज के पवन का स्थानांतरण राजनीतिक द्वेष के चलते किया गया है। धरनार्थियों ने मुख्यमंत्री के नाम लिखे ज्ञापन में बताया कि संभागीय आयुक्त नीरज के पवन ने बहुत कम समय में शहर का विकास और ऐसी ऐसी समस्याओं का निराकरण किया, जो आज तक कोई नहीं कर पाया। बीकानेर की विकास के युगपुरुष के समर्थन में बहुत बड़ी संख्या में पुरुष महिलाएं लड़के लड़कियां के साथ-साथ धरने पर कर्णपाल सिंह, रामदयाल, धनपत मारू, जेडी कुमावत, अकरम गौरी, पुखराज नायक, अशोक उपाध्याय, पवन कुमार तंवर आदि उपस्थित थे।

भाजयुमो के नवनिर्वाचित प्रदेशाध्यक्ष अंकित चेची का चौमूं में हुआ भव्य स्वागत

भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्ष अर्जुन यादव के नेतृत्व में हुआ स्वागत

चौमूं (सुनील कुमार पाराशर)। भाजपा युवा मोर्चा राजस्थान के नवनिर्वाचित प्रदेशाध्यक्ष अंकित चेची के पहली बार चौमूं पधारने पर भाजयुमो कार्य कर्ताओ ने प्रदेश उपाध्यक्ष अर्जुन यादव के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष अंकित चेची ने कार्यकताओं से 18 जुलाई को अजमेर जिले में राजस्थान सरकार के खिलाफ होने वाले महाप्रदर्शन में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने का आह्वान किया ।इस मौके पर भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष अर्जुन यादव, गोविन्दगढ़ मण्डल अध्यक्ष योगेश यादव, ओबीसी मोर्चा कोषाध्यक्ष आलोक जांगिड़ ,अर्जुन कुमावत,पार्षद गजेन्द्र यादव , पार्षद राहुल शर्मा, मोहन जलूथरिया , नरेन्द्र यादव , सुभाष लोहरवाड़ा , सागर यादव ,अंशुल यादव , बाबू यादव ,लालचन्द यादव ,अंकित चौधरी, सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

घरों में दौड़ा 11 हजार वोल्टेज का करंट, तीन झुलसे

सितारा न्यूज नेटवर्क

वी.पी.मीणा /कोटपूतली । निकटवर्ती ग्राम पंचायत शुक्लावास स्थित ढ़ाणी जयरामाला में शुक्रवार तडके करीब 8 बजे 11 केवी सिंगल फेस का ट्रांसफार्मर में करन्ट दौड़ गया। जिससे ढ़ाणी के कई मकानों में भी बिजली लाईनों में करन्ट आ गया। घटना में तीन महिलायें शारदा पत्नी रामचन्द्र यादव, सुनीता पत्नी पालाराम यादव व पूजा पत्नी अशोक यादव विधुत करंट के चपेट में आने से झुलस गई। ग्रामीण कृष्ण ने बताया कि जीएसएस से मशीन के आटो ट्रीप हो जाने के कारण बिजली सप्लाई कटने से बड़ा हादसा होने से टल गया।

डर्फ स्तरीय शोध कार्यशाला का हुआ समापन

नवीनतम शैक्षिक योजनाओं पर शोध कर नवाचारों को प्रोत्साहन दें: डाइट प्रधानाचार्य

सितारा न्यूज नेटवर्क

धौलपुर/अंकित गोयल। तीन दिवसीय अनुसंधान कार्यशाला का आज समापन हुआ कार्यशाला के समापन अवसर पर डाइट प्रधानाचार्य महेश कुमार मंगल ने शोधार्थियों को धन्यवाद देते हुए कहा कि आप सभी ने तीन दिन तक जिस लगन के साथ कार्य किया है उम्मीद है आप फील्ड में भी उसी कर्तव्यनिष्ठा के साथ सर्वे शोध हेतु दत्त संकलन का कार्य करेंगे और शिक्षा विभाग की नवीनतम योजनाओं के लिए सर्वे शोध कर उपयुक्त नीतिगत सुझाव देंगे तथा क्रियात्मक शोध के शोधार्थी नवाचारों को प्रोत्साहन देने का कार्य करेंगे। आईएफआईसी प्रभागाध्यक्ष नीरज मित्तल ने बताया कि आरएससीईआरटी उदयपुर द्वारा जारी पंचांग के अनुसार ये समस्त शोध करवाए जा रहे हैं इन शोधों में डाइट प्रधानाचार्य के निदेर्शानुसार अधिकाँश शोध विषय नवीनतम शैक्षिक योजनाओं पर आधारित ली गई हैं ताकि इन योजनाओं की वस्तुस्थिति, उपादेयता और समस्याओं का पता लगाकर उपयुक्त सुझाव दिए जा सकें। इस अवसर पर डर्फ एडवाइजरी बोर्ड डाइट धौलपुर के सदस्य जयसिंह सिकरवार अध्यापक ने शोधार्थियों से विषय निर्धारण , शोध प्रक्रिया में काम में लिए जाने वाले उपकरणों, न्यादर्श (सैम्पलिंग) और शोध संबंधित अन्य विषयों के बारे में तीन दिवस तक विस्तार से चर्चा की और शोध प्रक्रिया के बारे में आगे किये जाने वाले कार्यों (दत्त संकलन , दत्त विश्लेषण) में अपनाई जाने वाले तरीकों और योजनाओं के बारे में भी बतायें। शोध में प्रयुक्त होने वाली शोध शब्दावली के काठिन्य निवारण करते हुए अतुल कुमार चौहान उपप्राचार्य ने शोधार्थियों के साथ चर्चा करते हुए सुगम तरीके से उन्हें समझाया और उनके साथ शोध आकल्प के बारे में चर्चा की। क्रियात्मक शोध की जानकारी देते हुए अशोक कुमार कोठारी उपप्राचार्य ने शिधार्थियों के साथ आकल्प एवं परिकल्पना निर्माण के बारे में चर्चा की। डीआरयू प्रभारी नवलसिंह राठोर ने भी अपने प्रभाग के शोधार्थियों को जानकारी दी। इस अवसर पर शोधार्थी अतुलकुमार चौहान , जयसिंह सिकरवार, अशोक कुमार कोठारी ,अनुराग शर्मा, जीतेंद्र सिंह परमार, सत्यपाल सिंह,विश्वेन्द्र सिंह सिकरवार, गोपाल प्रसाद, लोकेन्द्र कुमार श्रोत्रिय, पवन मित्तल, संदीप कुमार, शिवशंकर शर्मा, मनोज कुमार शर्मा, सतीश कुमार तिवारी, रोहित कुमार, संदीप कुमार, सुनील कुमार, शैलेंद्रसिंह, अभिषेक शर्मा, भारत कुमार, मधु, चिंकी शर्मा, स्वेता शर्मा, याचना शर्मा, विमला बाई मीणा, गीतमसिंह, सालेहा अख्तर, विक्रमसिंह उपस्थित रहे

4101 सड़क विकास कार्यों का किया शिलान्यास

प्रदेश की प्रगति में मजबूत सड़क तंत्र का योगदान महत्वपूर्ण : मुख्यमंत्री

1528 करोड़ से बनेगी 2642 किमी की सड़के

सितारा न्यूज नेटवर्क

ब्यावर /जयपुर(अनिल सिखवाल) । मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रदेश के 232 नगर निकायों में 4101 सड़क विकास कार्यों का शिलान्यास किया । 1528 करोड़ रुपए की लागत के इन सड़क विकास कार्यों से राज्य में 2642 कि.मी. लम्बाई की सड़कों का निर्माण और विकास होगा ।मुख्यमंत्री गहलोत ने शिलान्यास समारोह में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से प्रदेशवासियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि किसी भी प्रदेश की प्रगति में मजबूत सड़क तंत्र का महत्वपूर्ण योगदान होता है। इसी भावना के अनुरूप राज्य सरकार द्वारा सड़कों के सुदृढ़ीकरण और नवीनीकरण कार्य करा रही है। इनमें वर्ष 2011 की जनगणना अनुसार 250 से अधिक जनसंख्या वाले ट्राइबल व डेजर्ट क्षेत्रों तथा 350 से अधिक जनसंख्या वाले अन्य क्षेत्रों को भी सड़कों से जोड़ा जा रहा है।सरकार द्वारा सड़कों के निर्माण में कमी नहीं रखी जा रही है। मुख्यमंत्री ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को सड़कों की गुणवत्ता के साथ कार्यों को समय पर पूरा कराने के निर्देश दिए` उन्होंने कहा

कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होना चाहिए। विभागीय विशेषज्ञों व थर्ड पार्टी ऑडिटर के अलावा जिला प्रशासन के अधिकारी और जनप्रतिनिधि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता पर निगरानी रखें।इसमें स्थानीय आमजन भी अहम जिम्मेदारी निभाएं।

गहलोत ने कहा कि राजस्थान सड़क तंत्र में आगे बढ़कर देश का मॉडल स्टेट बन रहा है। राज्य में सड़क, शिक्षा, चिकित्सा, रोजगार, कृषि, पानी, बिजली तथा उद्योग सहित हर क्षेत्र का चहुंमुखी विकास हो रहा है। राज्य सरकार वर्ष 2030 तक राजस्थान को देश के अग्रणी राज्यों में शामिल करने के विजन पर प्रतिबद्ध है।

ब्लैक स्पॉट दुरुस्त, दुर्घटनाओं में आएगी कमी

मुख्यमंत्री ने कहा कि सड़क निर्माण के साथ-साथ सड़क दुर्घटनाएं रोकने पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है।प्रदेश के 1548 ब्लैक स्पॉट को चिंहित कर 1365 को दुरूस्त कर दिया गया है। विशेषज्ञों द्वारा निरीक्षण के साथ ही अब बनाने वाली कम्पनी की जिम्मेदारी भी 5 साल कर दी गई है। वहीं, जयपुर में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर रोड़ एण्ड बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन के निर्माण के लिए 55 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं।

तीन सड़कों को दुर्घटना मुक्त बनाने की पहल

गहलोत ने कहा कि प्रदेश में शाहजहांपुर से अजमेर, बर से बिलाड़ा (जोधपुर) एवं सीकर से बीकानेर सड़क मार्गों को सड़क दुर्घटना मुक्त कराने के लिए विशेषज्ञों द्वारा ऑडिट कराई गई है। इसके ब्लैक स्पॉट और अन्य दुर्घटना के कारणों को दुरुस्त कराकर इन्हें दुर्घटना मुक्त बनाने की पहल की गई है। इनका कार्य जल्द ही पूरा हो जाएगा।

सड़क तंत्र में राजस्थान मॉडल स्टेट

समारोह में नगरीय विकास मंत्री शांती कुमार धारीवाल ने कहा कि नगर निकायों में सड़कों के कार्य हर वर्ष बढ़ाकर आधारभूत ढांचे को मजबूत बनाया जा रहा है। इसमें जनप्रतिनिधियों और स्थानीय जनता की राय लेकर कार्य हो रहे हैं।सार्वजनिक निर्माण मंत्री भजन लाल जाटव ने कहा कि साढ़े चार वर्ष में सड़क क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य हुए हैं। नई ग्राम पंचायतों से लेकर मिसिंग लिंक, गांव-शहरों में नई सड़कों के गुणवत्तापूर्ण निर्माण तीव्र गति से कराए जा रहे हैं। अब सड़क तंत्र में भी राजस्थान मॉडल स्टेट बन गया है। समारोह में सार्वजनिक निर्माण विभाग के प्रमुख शासन सचिव श्री वैभव गालरिया ने बताया कि वर्ष 2021-22 में निकायों के 2189 कार्यों में से 2083 (95 प्रतिशत) तथा वर्ष 2022-23 में 3368 में से 2469 (74 प्रतिशत) कार्य पूर्ण हो चुके हैं। समारोह में मुख्यमंत्री के साथ सभी नगर निकायों से मंत्री, विधायक, जनप्रतिनिधि, विभागीय अधिकारी एवं आमजन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जुड़े।

मुख्यमंत्री ने वीसी के माध्यम से किया सड़क कार्यों का शिलान्यास

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने शनिवार को वी.सी. के माध्यम से नगर निकायो में बजट घोषणा 2023-24 के तहत ब्यावर में सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा कराये जाने वाले 19 सडक कार्यों का शिलान्यास किया जिनकी लागत 10 करोड़ों रुपए होगी। समारोह में मुख्यमंत्री के साथ सभी नगर निकायों से मंत्री, विधायक, जनप्रतिनिधि, विभागीय कर्मचारी एवं आमजन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जुड़े`

ब्यावर में यह कार्यक्रम दोपहर 12:00 से उपखंड कार्यालय के सभागार में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित किया गयो कार्यक्रम में विधायक शंकर सिंह रावत, उपखंड अधिकारी मृदुल सिंह, अध्यक्ष नगर परिषद नरेश कनौजिया, तहसीलदार मोहन सिंह राजावत, अधिशासी अभियंता सार्वजनिक निर्माण विभाग वीरेंद्र सिंह राठौर, अधिशासी अभियंता सुनील यादव, जनप्रतिनिधि, जिला स्तरीय अधिकारी, कर्मचारी तथा आमजन उपस्थित रहे ।

नि:शुल्क पशु चिकित्सा शिविर में पशुपालकों ने पशुओं का कराया इलाज

नि: शुल्क शिविर में 38 पशुओं का किया गया इलाज

सितारा न्यूज नेटवर्क

चौमूं (सुनील कुमार पाराशर) । एमजेएफ ग्रुप के सानिध्य में आयोजित निःशुल्क पशु चिकित्सा शिविर शनिवार को चौमूं विधानसभा क्षेत्र के ग्राम मंडा-भिंडा में आयोजित हुआ जहां बेजुबान पशुओं की सेवार्थ के लिए आयोजित निःशुल्क पशु चिकित्सा एवं परामर्श शिविर में 38 बीमार पशुओं का इलाज कर निःशुल्क दवा वितरित की गई । शिविर प्रभारी डॉ. सुनील कुमार बोगियां ने बताया कि शिविर में पशु चिकित्सक डॉ. कुलदीप , डॉ. अमर सिंह सैनी, डॉ. कृष्ण यादव व पशुधन सहायक सुरज्ञान सेरावत ने शिविर में चर्मरोग, फोड़ा, गर्भावस्था निदान, घाव, साधारण अपच, सूजन, लंगड़ापन, बांझपन, टिक संक्रमण, एनिस्ट्रस, चर्म रोग पेट रोग , डायरिया आदि पशु संबंधित बिमारियों का उपचार कर पशुओं के लिए निःशुल्क औषधि का वितरण किया गया है। पशु चिकित्सा एवं परामर्श शिविर के ग्राम स्तर पर आयोजन के लिए पशुपालकों ने ग्रुप चेयरपर्सन कैलाश राज सैनी की प्रशंसा करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया है।

राष्ट्रीय पक्षी मोर के बच्चों की तस्करी: दो को भेजा जेल, 4 चूजों को ले जा रहे थे बंद करके

सितारा न्यूज नेटवर्क

वी.पी.मीणा / बहरोड़ । वन विभाग के द्वारा वन्यजीव राष्ट्रीय पक्षी मोर के बच्चों की तस्करी करने के मामले गिरफ्तार दो तस्करों को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेजा। क्षेत्रीय वन अधिकारी जितेंद्र कुमार सेन ने बताया कि 13 जुलाई को मांढ़ण थाना क्षेत्र के गांव कुतीना के ग्रामीणों से सूचना मिली कि राष्ट्रीय पक्षी मोर के चूजों की तस्करी कर ले जाया जा रहा है ।जिसकी सूचना के बाद शाहजहांपुर वन नाका प्रभारी अशोक कुमार और राजपाल यादव को मौके पर भेजा गया। वहीं मांढण पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। यहां भिवाड़ी के गांव रामपुरा के रहने वाले 34 वर्षीय रविंद्र पुत्र बिरजू सिंह राजपूत और उसका साथी 19 वर्षीय नरेश पुत्र गंगाराम गुर्जर एक कार्टन के छोटे डब्बे में राष्ट्रीय पक्षी मोर के चार बच्चों को बंद कर ले जाते पाए गए। दोनों आरोपियों को पकड़कर थाने लेकर आया गया। जिनसे पूछताछ की गई तो उन्होंने बताया कि वह गांव कुतीना में रहने वाले फकीर सिंह राजपूत से मोर के बच्चों को लेने के लिए आए थे। वह फकीर सिंह से पहले भी मोर लेकर जा चुके हैं। सूचाना के बाद अलवर से सहायक

वन संरक्षक एसीएफ मुथू सोमसुंदरम नीमराणा पहुंचे। यहां दोनों तस्करों से पूछताछ करते हुए उनके बयान दर्ज किए गए। जिसके बाद दोनों को बहरोड़ के न्यायालय में पेश किया गया । जहां से 15 दिन के लिए न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया। उधर वन विभाग के कर्मचारी राष्ट्रीय पक्षी के चारों चूजों की देखरेख करने में लगे हुए हैं। वन विभाग ने वन्य जीव शिकार निषेध और वन्यजीव सरकारी संपत्ति सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया है। वही दोनों तस्करों से एक मोटरसाइकिल भी बरामद की गई है। बहन के ससुराल में रहता है फकीर सिंह,ग्रामीणों ने बताया कि फकीर सिंह हरियाणा के नूंह मेवात जिले के गांव बस्सी का रहने वाला है। उसकी बहन का ससुराल कुतीना गांव में था। जिसके बहनोई मानसिंह और बहन केला देवी का निधन हो चुका है। फकीर सिंह अपना पैतृक गांव को छोड़कर बहन के ससुराल में रहता है। जिसे मामा के नाम से भी जानते हैं।

रेंज कार्यालय में रखे चूजें

अधिकारियों ने मोर के चूजों को वन विभाग के रैंज कार्यालय में रखा गया है। जिसकी देखरेख वन विभाग के कर्मचारी कर रहे हैं। हालांकि अभी चूजों की देखरेख एवं उनका संरक्षण करने के लिए विभाग चिड़िया घर जयपुर भेजने की तैयारी में है, ताकि यहां चूजों का अच्छे से पालन हो जाएगा।

सीकर जिले में एसपी करण शर्मा ने छह थानाप्रभारी के किए बदल

लेडी सिंघम रिया चौधरी को मिली जीणमाताजी थाने की 'कमान'

सितारा न्यूज नेटवर्क

दांतारामगढ़। (विनोद धायल)। सीकर जिले में शनिवार को पुलिस अधीक्षक करण शर्मा ने आदेश जारी कर 6 थाना प्रभारियों को बदला है।

पुलिस अधीक्षक करण शर्मा ने बताया कि पुलिस निरीक्षक महेन्द्र सिंह को थानाप्रभारी रींगस व उप निरीक्षण रिया चौधरी को थानाप्रभारी जीणमाता, राकेश कुमार को थानाप्रभारी धोद, मुकेश कुमार थाना प्रभारी श्रीमाधोपुर व सुभाष चन्द्र को थानाप्रभारी थोई, जगदीश प्रसाद को थानाप्रभारी खण्डेला व सुनीता सैनी को एएचटीयू टीम में लगाया गया है। सीकर एसपी करण शर्मा ने आदेश जारी कर रिया चौधरी को जीणमाताजी थाने की कमान सौंपी है। रिया चौधरी खाटूश्यामजी, थाई, नीमकाथाना समेत झुंझुनूं में भी अपनी सर्विस सेवा दे चुकी हैं। जीणमाताजी थाना पिछले साल के बजट में बनाया गया था। जीणमाताजी में साल में दो बार मेला लगता है एवं श्रद्धालुओं का हमेशा तांता लगा रहता है इसी जीणमाताजी थाने की अब कमान लेडी सिंघम रिया चौधरी संभालेंगी।

धौलपुर विधायक की अनुशंसा पर स्वीकृत 41 धौलपुर शहर की सड़कों का मुख्यमंत्री ने वर्चुअल कर किया शिलान्यास

सितारा न्यूज नेटवर्क

धौलपुर/अंकित गोयल। प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने वर्चुअल रूप से विधायक धौलपुर शोभारानी कुशवाहा की अनुशंसा पर धौलपुर नगर परिषद क्षेत्र की 41 सड़कों के सुद्धरीकरण ,नवीनीकरण, सीसी सड़को, नाली निमार्णों का शिलान्यास किया गया, शिलान्यास कार्यक्रम विधायक धौलपुर की उपस्थिति में मुख्यमंत्री द्वारा वीडियो कांफ्रेंस के जरिए किया नगर परिषद सभागार में शोभारानी कुशवाहा के द्वारा फीता काटकर पट्टिका का अनावरण किया, इस दौरान मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, नगरीय विकास मंत्री शांति धारीवाल, सार्वजनिक निर्माण मंत्री भजन लाल जाटव, वर्चुअल रूप से उपस्थित रहे इस दौरान जिला कलेक्टर अनिल कुमार अग्रवाल, जिला पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार ,नगर परिषद सभापति खुशबू सिंह ,आयुक्त किंगपाल सिंह राजोरिया उपसभापति माया देवी नगर परिषद धौलपुर के पार्षद गण उपस्थित थे कार्यक्रम के दौरान विधायक शोभारानी कुशवाह ने धौलपुर शहरी क्षेत्र की जनता के लिए माननीय मुख्यमंत्री द्वारा विकास का नया आयाम लिखा है जिसमें नगर परिषद धौलपुर की ताली सड़कों जिसकी लंबाई 12 किलोमीटर एवं लागत ?10 करोड़ रुपए होगी धौलपुर शहरी क्षेत्र की जनता की बहुत दिनों से मांग चल रही थी इस शहर की विभिन्न कॉलोनियों में बरसात के दिनों में जलभराव सड़कों मे गड्ढे होना सड़कें खराब होना आदि समस्याओं से जनता को सामना करना पड़ रहा था इस मांग को ध्यान में रखते हुए विधायक धौलपुर सड़कों के निर्माण की मांग पुरजोर तरीके से रखी मुख्यमंत्री महोदय द्वारा धौलपुर की जनता को राहत पहुंचाई है इसके लिए माननीय मुख्यमंत्री महोदय का धन्यवाद ज्ञापित किया

राहुल गांधी की सदस्यता निरस्त करने के विरोध में शांतिपूर्ण विरोध का एक नया आयाम मौन सत्याग्रह आज...

चौमूं में कांग्रेस का मौन सत्याग्रह आज

चौमूं बस स्टैंड के समीप होगा मौन सत्याग्रह का आयोजन

सितारा न्यूज नेटवर्क

जयपुर (सुनील कुमार पाराशर) । अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर कांग्रेस के राजीव गांधी पंचायती राज संगठन द्वारा 16 जुलाई 2023 को कांग्रेस द्वारा चौमूं में मौन सत्याग्रह का कार्यक्रम रखा गया है ।कार्यक्रम की जानकारी देते हुए प्रोफेसर सी बी यादव ने बताया कि मौन सत्याग्रह कार्यक्रम चौमूं बस स्टैंड के समीप दोपहर 12:00 बजे से 3:00 बजे के बीच रखा गया है। उन्होंने बताया कि भारतीय लोकतंत्र में राहुल गांधी देश के लोगों की आवाज अर्थात सत्य की आवाज बन गए हैं। उन्होंने अंबानी और अडानी द्वारा



की जा रही लूट को संसद में उठाया। सत्य की इसी मुखर होती आवाज को कुचलने के लिए भाजपा षडयंत्र पूर्वक उनकी संसद सदस्यता को समाप्त करने पर तुली हुई है। जिसके विरोध में यह मौन सत्याग्रह प्रदेश में जगह जगह आयोजित किया जा रहा है। इसी कड़ी में मौन सत्याग्रह का आयोजन 16 जुलाई को चौमूं में रखा गया है ।जिसमें आमजन एवं कांग्रेस कार्यकर्ता केंद्र सरकार के तानाशाही पूर्ण रवैए के विरोध में काली पट्टी बांधकर एवं हाथों में तख्तियां लेकर रामधुनी के साथ मौन सत्याग्रह रखेंगे। बता दे कि प्रोफेसर सी.बी यादव ने मौन सत्याग्रह में प्रदेश के कई बड़े नेताओं एवं मंत्रियों के भी शामिल होने की संभावना व्यक्त की है।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

राशन से भरे ट्रक ने स्कूली बालिका को कुचला, गुस्साए ग्रामीणों ने ट्रक को जलाया

सितारा न्यूज नेटवर्क

वी.पी.मीणा /कोटपूतली। दमकल का रास्ता रोका, पुलिस की गाड़ी के तोड़े शीशे, शव सडक पर रखकर दिया धरना, देर रात्रि बनी सहमति कस्बे के गोपालपुरा रोड़ स्थित गुम का जोड़ा से आगे खरकड़ी व खेडकी वीरभान मोड़ के पास शुक्रवार रात्रि करीब 8 बजे रामसिंहपुरा एफसीआई गोदाम से आ रहे एक राशन से भरे ट्रक द्वारा बाईक सवार मामा-भांजी को टक्कर मारकर बाईक पर पीछे बैठी स्कूली बालिका को कूचल देने के मामले में शुक्रवार रात्रि को ग्रामीणों का गुस्सा जमकर फूटा। मौके पर एकत्रित लोगों ने ट्रक में तोडफोड़ के बाद आग लगा दी, वहीं आग बुझाने के लिए मौके पर पहुँची दमकल को भगाकर वहाँ खड़ी पुलिस की गाड़ी के शीशे भी तोड़े। हालांकि घटनाक्रम में ग्रामीणों व पुलिस प्रशासन के बीच देर रात्रि करीब 2 बजे सहमति बन गई। जिसके बाद ग्रामीण मृतिका बालिका का शव उठाने पर सहमत हुए। ग्रामीणों में गुस्सा इस बात को लेकर भी था कि सूचना दिए जाने के बावजुद भी एम्बुलेंस मौके पर काफी देर से पहुँची। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम रामसिंहपुरा निवासी सुरेन्द्र जाट का जयपुर के किसी निजी अस्पताल में ऑपरेशन हुआ था। उसकी 9वीं कक्षा में पढने. वाली 12 वर्षिय बेटी खुशी अपने मामा के साथ बाईक से कोटपूतली आकर किसी रिश्तेदार को अपने पिता के लिए खाना व कपड़े देकर बाईक से घर वापस जा रही थी। इतनी ही देर में रामसिंहपुरा एफसीआई गोदाम से गेंहू भरकर आ रहे बेकाबु ट्रक ने बाईक को टक्कर मार दी। जिससे दोनों नीचे गिर गये, घटना में जहाँ बाईक चालक मामा गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं ट्रक चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन को चलाते हुए पीछे के टायरों में बालिका को दूर तक घसीट कर ले गया। जिससे उसका सिर ट्रक के लिए नीचे कुचला गया एवं बालिका की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना के तुरन्त बाद मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। लोगों के आक्रोश को देखकर ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। लेकिन गुस्साए ग्रामीणों ने ट्रक में आग लगा दी। घटना की सूचना पाकर भारी मात्रा में पुलिस जाप्ता मौके पर पहुँचा। गुस्सायें ग्रामीणों ने जहाँ एक ओर दमकल को आग बुझाने से रोक दिया। वहीं पुलिस की गाड़ी के भी शीशे तोड़ दिये। ग्रामीण ने शव को मौके पर ही रखकर धरना प्रदर्शन करने लगे। इतनी ही देर में एसडीएम सूर्यकान्त शर्मा, तहसीलदार अभिषेक सिंह, एएसपी विधा प्रकाश, डीएसपी मदन लाल जैफ, एसएचओ मांगे लाल यादव, पनियाला एसएचओ लक्ष्मीनारायण व सरूण्ड एसएचओ इन्द्राज सिंह समेत भारी मात्रा में पुलिस जाप्ता व प्रशासन भी मौके पर पहुँच गया। वहीं पूर्व संसदीय सचिव रामस्वरूप कसाना, भाजपा नेता मुकेश गोयल आदि भी धरने पर पहुँचकर पीड़ित परिवार को सहायता, मुआवजा व सरकारी नौकरी की माँग करने लगे। ग्रामीणों ने इस बात पर भी आक्रोश जताया कि घायल मामा को अस्पताल पहुँचाने के लिए एम्बुलेंस काफी देर से मौके पर पहुँची। कुछ ग्रामीणों ने यह भी बताया कि एफसीआई गोदाम से आने वाले ट्रक लापरवाही पूर्वक तेजी से वाहन चलाते हुए बिना साईड छोड़े गाड़ी को लेकर जाते है। मामला बढ़ते हुए देख पूर्व संसदीय सचिव कसाना

व भाजपा नेता गोयल ने ग्रामीणों से समझाईश कर आग को बुझवाया। इस दौरान ग्रामीण 20 लाख रुपए, मुआवजा व सरकारी नौकरी देने की माँग करने लगे। ग्रामीणों का कहना था कि बालिका के पिता पहले ही बीमार है, वहीं परिवार में माँ के अलावा छोटा भाई बच गया है। इसके बाद देर रात्रि 2 बजे मुख्यमंत्री चिरंजीवी दुर्घटना बीमा योजना के तहत मुआवजा राशि व अन्य उचित सहायता का आश्वासन दिये जाने के बाद ग्रामीणों ने धरना समाप्त किया।व दुर्घटना क्लेम की सहायता राशि दिलाये जाने पर भी सहमति बनी। इसके बाद ग्रामीण शव उठाकर पोस्टमार्टम के लिए सहमत हुए।

ब्यावर के शिष्टमंडल ने हिमाचल के राज्यपाल से की मुलाकात

हिमाचल के कुल्लू मनाली घूमने गए सात युवकों में से चार की हुई मौत, एक का शव पहुंचा ब्यावर

सितारा न्यूज नेटवर्क

ब्यावर(अनिल सिखवाल)। शहर के कुछ युवा साथी हिमाचल के कुल्लू मनाली घूमने गए जहां प्राकृतिक आपदा में फंस गए। यह कुल 7 जने थे एक ड्राइवर आठवां व्यक्ति था। घूमने गए सातों युवकों में से चार की प्राकृतिक आपदा में मौत हो गई जबकि 3 का अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। 4 मृतकों मे से चैत्य सांखला का शव शनिवार शाम को ब्यावर पहुंच गया। उक्त घटना की जानकारी मिलने के बाद चैत्य सांखला के परिवार जन बिलक बिलक के रोने लगे। घटना की सूचना मिलने के साथ ही मृतक चैत्य सांखला के पिता वह उनके साथ कुछ परिजन हिमाचल के कुल्लू पहुंचकर शव की पहचान करने का प्रयास किया। इस बीच जानकारी मिली की मृतक चैत्य सांखला की तरह एक और अन्य युवक लापता था उसका शव समझकर दूसरे परिजन ले गए बाद में जब फोटो देखा गया तो जो शव लेकर गए उसको पुनः मंगवाया गया और ब्यावर से गए मृतक चैत्य सांखला के परिजनों को शव सौंपा गया। इस

हृदय विदारक घटना को सुनने के बाद ब्यावर मैं सन्नाटा सा छा गया। मृतकों के परिजन गहरे शोक में डूबे

हुए हैं। यार दोस्त वह आसपास के लोग मृतकों के परिजनों को ढांढस बंधाते देखे गए। अभी तीन युवको के शव आने बाकि है उनके परिजन भी शोक संतृप्त है। मृतक चैत्य सांखला के शव को ब्यावर पहुँचने के साथ ही उनके घर पर परिजनों व देखने वालो का तांता लग गया। सूर्यास्त से पहले दाह संस्कार कर दिया गया। उधर विधायक शंकर सिंह रावत व मनोज चौहान ने मुख्यमन्त्री से मृतको के परिजनों को 20 -20 लाख रुपए का मुआवजा देने की माँग की है वही शोक संतृप्त परिवार को इस दुख की घडी मे ढांढस बंधाते रहे। शेष 3 युवको के शव रविवार तक पहुँचने की संभावना व्यक्त की है।

हिमाचल के राज्यपाल से भी ब्यावर से गया एक शिष्टमंडल ने की मुलाकातः हिमाचल के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथन अलेर्केर से ब्यावर से गए कुछ लोगों का एक प्रतिनिधिमंडल उनसे मिला और शेष लापता युवाओं के बारे में जानकारी देकर उनकी तलाश तेज करने की मांग की ।

श्रीडूंगरगढ़ बाजार आज भी बंद,व्यापार मंडल एवं संघर्ष समिति ने किया आम सभा का आह्वान

सितारा न्यूज नेटवर्क

उमेश कुमार मोदी/श्रीडूंगरगढ़ बीकानेर। श्री डूंगरगढ़ कस्बे में नाबालिग छात्रा के अपहरण के मामले में पुलिस द्वारा आंदोलनकारियों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए दर्ज मुकदमे का मामला तूल पकड़ता ही जा रहा है. कल व्यापारियों द्वारा बाजार बंद का आह्वान किया गया था जिसके कारण कस्बे का बाजार पूरी तरह से बंद रहा ,लेकिन आज भी व्यापार मंडल और संघर्ष समिति के आह्वान पर बाजार पूरी तरह से बंद है. इसी के साथ व्यापार मंडल एवं संघर्ष समिति द्वारा सुबह 11:30 बजे गांधी पार्क में आम सभा का आह्वान किया गया है। इस सभा में चर्चा के बाद व्यापार मंडल के सदस्य प्रशासन से मुलाकात करने एसडीएम कार्यालय जाएंगे। जहां पर एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर दर्ज मुकदमे वापस लेने, श्री डूंगरगढ़ थाना अधिकारी के खिलाफ कार्यवाही करने ,तथा अपराधी शिक्षिका के सहयोगियों का खुलासा करने की मांग उठाई जाएगी।

इस मौके पर व्यापार मंडल के अध्यक्ष श्यामसुंदर पारीक ने बताया कि पुलिस प्रशासन द्वारा कस्बे का माहौल शांत होने के बावजूद किसी दबाव में जानबूझकर माहौल खराब करने की कोशिश कर रही है. किंतु कस्बे की जनता सामूहिक रूप से शांतिपूर्ण तरीके से पुलिस द्वारा किए जा रहे अन्याय के खिलाफ अपना विरोध दर्ज करवाएगी।

भारत विकास परिषद शाखा धौलपुर द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ व सुशिक्षित बचपन कार्यक्रम के अन्तर्गत बच्चों के साथ संगोष्ठी की गई आयोजित

सितारा न्यूज नेटवर्क

धौलपुर/अंकित गोयल। भारत विकास परिषद शाखा धौलपुर दिनांक 15 जुलाई 2023 को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ व सुशिक्षित बचपन कार्यक्रम के अंतर्गत एमजीजीईएस बाड़ा हैदर शाह व राजकीय सीनियर सेकेंडरी बालिका विद्यालय धौलपुर में बच्चों के साथ संगोष्ठी आयोजित की गई कार्यक्रम के संयोजक पूर्व मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी मुकेश गर्ग और सेवानिवृत्त प्रोफेसर डॉक्टर डीके बंसल थे कार्यक्रम के संयोजक व परिषद के उपाध्यक्ष मुकेश गर्ग ने अपने उद्बोधन में कहा की बच्चों को और शिक्षक को चार बातें हमेशा

संज्ञान में रखनी है बच्चों को स्कूल की पुस्तकालय से अच्छी किताबें पढ़नी हैं और शिक्षकों को पुस्तकें उपलब्ध करानी हैं। प्रत्येक बालिका को महापुरुषों की जीवनियां पढ़नी चाहिए और उन्हें प्रार्थना सभा में सुनाना चाहिए। सकारात्मक समाचार पढ़ें व उन्हें अन्य बच्चों को सुनायें। नो बैग डे को विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से संस्कार युक्त शिक्षा दी जावे। डॉ डीके बंसल ने बताया कि स्कूल में बच्चों को सुसंस्कृत किया जाता है अतः बच्चों को अपने अध्यापकों का सम्मान करना चाहिए। उन्होंने विद्यालय को संस्कार युक्त पुस्तकें भेंट कीं। प्रकल्प प्रभारी मुकेश बंसल ने बालिकाओं की भलाई के लिए बने कानूनों के विषय में बताया। प्रांतीय पदाधिकारी राजीव झा ने कहा कि बालिकाओं ने हर क्षेत्र में अपनी अग्रणी भूमिका अदा की है। बाड़ा हैदर शाह में प्राचार्य नरेश जैन और गर्ल्स स्कूल में प्रभारी मुकेश नगाइच ने स्कूल की गतिविधियों के विषय में बताया। और भविष्य मै बच्चों को संस्कार युक्त शिक्षा देने की बात कही। भारत विकास परिषद शाखा धौलपुर अध्यक्ष प्रणव मुखर्जी ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रकल्प प्रभारी जयंत मोदी, कोषाध्यक्ष आदित्य गोयल, संयुक्त सचिव हेमंत पाराशर एवं स्कूल का संपूर्ण स्टाफ उपस्थित था

शिक्षा बचाओ पैदल यात्रा...

राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय दौसा द्वारा निकाली गई पैदल यात्रा

गैर शैक्षिक कार्यों से मुक्ति दिलाने के लिए सरकार को रैली के माध्यम से चेताया

सितारा न्यूज नेटवर्क

दौसा। शिक्षा बचाओ पैदल यात्रा राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय के प्रदेश नेतृत्व के निदेर्शानुसार समस्त राजस्थान की उपशाखा पर पैदल मार्च निकाला गया। जिला प्रवक्ता दिनेश पारीक ने बताया कि राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय दौसा की प्रत्येक 9 शाखाओं पर पैदल मार्च निकाला गया और शिक्षकों को गैर शैक्षिक कार्यों से मुक्ति दिलाने के लिए सरकार को रैली के माध्यम से चेताया गया। राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय दोसा के जिला संगठन मंत्री राजकुमार ने ताला ने बताया कि संगठन के द्वारा 11 सूत्री मांगों को पूरा करने के लिए आक्रोश रैली निकाली गई शिक्षकों को गैर शैक्षिक कार्यों से मुक्ति दिलाने के लिए सरकार को विचार विमर्श करना चाहिए जिससे अध्यापक अपना 100% स्कूलों में अध्यापन कार्य में लगा सके संभाग संगठन मंत्री कालूराम मीणा ने बताया कि अगर सरकार हमारी मांगों को पूरा नहीं करती है तो अगले चरण में अगस्त माह में जिला स्तर पर रैली निकालकर सरकार को जगाया जाएगा फिर भी अगर सरकार नहीं मानती है तो आने वाले दिनों में प्रदेश स्तर पर एक महा रैली निकालकर शिक्षा बचाओ पैदल यात्रा निकाली जाएगी।

जिलाध्यक्ष अवधेश शर्मा ने बताया कि आज जिले की प्रत्येक उपशाखा ऊपर पैदल मार्च निकाला गया दौसा ग्रामीण राजकुमार नेता वाला राजेंद्र शर्मा गुलाब चंद शर्मा गिर्राज आमटेडा के नेतृत्व में दोसा नगर जगदीश मीणा के नेतृत्व में महुआ अवधेश व कालूराम मीणा के नेतृत्व में लालसोट सुनील गुप्ता के नेतृत्व में रामगढ़ पचवारा अध्यक्ष मंत्री व सुरेंद्र जांगिड़ के नेतृत्व में पदयात्रा निकाली गई लवण रिद्धि चंद्र सिंह वाड़ा के नेतृत्व में रैली निकाली गई और नांगल राजावतान रामकरण मीणा व शिवदान सिंह राठौड़ के नेतृत्व में रैली निकाली गई।

रैली को सफल बनाने के लिए राम राय गुप्ता सुरेश चंद शर्मा भागीरथ जैमन दिलीप कुमार शर्मा रामबाबू शर्मा राजेंद्र मीणा शिवचरण चेची लाल मीणा विश्राम मीणा रमेश मीणा प्रभु दयाल मीणा नीलम जैन के संता मीणा राम सिंह मीणा ओम प्रकाश शर्मा आशीष शर्मा सतीश गुप्ता राजू नाटाणी आदि अनेक सैकड़ों कार्यकर्ता ने रैली में भाग लिया।

गोविंदगढ़ ब्लॉक नर्सेज की मीटिंग हुई आयोजित...

गोविंदगढ़ ब्लॉक नर्सेज संयुक्त संघर्ष समिति का हुआ गठन

नर्सेज की 11 सूत्री मांगों को लेकर प्रदेश व्यापी धरना प्रदर्शन 18 जुलाई से

सितारा न्यूज नेटवर्क

चौमूं (सुनील कुमार पाराशर) । राजस्थान नर्सेज संयुक्त संघर्ष समिति के निर्देश पर ब्लॉक गोविंदगढ़ नर्सेज की मीटिंग में सर्वसम्मति से ब्लॉक नर्सेज संयुक्त संघर्ष समिति का गठन किया गया। जिसमें देवदत्त शर्मा को संयोजक,रामकरण मीणा को संरक्षक,अमित कुमार सैनी एवं प्रवीण सैनी को उप संयोजक, सहीराम चौधरी सचिव एवं ओमप्रकाश डबरिया को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। साथ ही मनोज कुमावत गोविंदगढ़, बनवारी लाल बर्रा सामोद, राजेंद्र कराडिया व ऊषा किरण कालाडेरा, नवीन जांगिड़ इटावा भोपजी, गिरिराज जांगिड़ किशनमानपुरा एवं बुद्धि प्रकाश मीणा को सह संयोजक नियुक्त किया गया। एवं संघर्ष समिति के सदस्यों में हरफूल चौधरी खेजरोली , रविंद्र कौशिक एवं सरोज ढाका ढोड़सर ,श्रवण मान गोविंदगढ़, मंगल यादव निवाना ,नंदकिशोर चोपड़ा बांसा , महेश सैनी चीथवाड़ी, सुनीता टांक चौमूं , भगवान सहाय यादव एवं सुमित्रा शर्मा हाथनोदा, शैतान सिंह ,बजरंग लाल शर्मा ,राजेश शर्मा चौमूं, नीरज बुटोलिया कालाडेरा, कविता डागर मंडा भिंडा को शामिल किया गया। संघर्ष समिति के संयोजक देवदत्त शर्मा ने बताया कि 18 जुलाई से प्रदेश संयुक्त संघर्ष समिति के आह्वान पर नर्सेज की 11 सूत्री मांगों को लेकर प्रदेश व्यापी धरना प्रदर्शन होगा। जिसमें गोविंदगढ़ ब्लॉक संयुक्त संघर्ष समिति भी नर्सेज की 11 सूत्रीय मांगों को पूरा करवाने को लेकर प्रदेश व्यापी धरने प्रदर्शन में शामिल होगी ।

उक्त जानकारी संघर्ष समिति के संयोजक देवदत्त शर्मा ने दी।

शातिर बाइक चोर गिरफ्तार, दस व्हीकल बरामद

सितारा न्यूज नेटवर्क

जोधपुर। जोधपुर शहर में हुई बाइक चोरी के मामले में कार्रवाई करते हुए प्रताप नगर थाना पुलिस ने एक वाहन चोर को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से चोरी की 10 बाइक भी बरामद की गई हैं।

पूछताछ में चोर ने 20 से अधिक वारदात करना स्वीकार किया है। आरोपी बाइक चोरी करने के लिए बस से शहर आता और मौका पाकर बाइक चुरा कर ले जाता। इसके बाद अपने गांव के खेतों में बाइक छिपा देता था। थानाधिकारी कैलाश दान ने बताया कि प्रार्थी ओमप्रकाश चौधरी ने थाने में रिपोर्ट देकर बताया कि उसकी बाइक को प्राइवेट हॉस्पिटल के आगे से अज्ञात चोर चोरी करके ले गया। पीड़ित की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर शहर में बढ़ती बाइक चोरी की घटनाओं को लेकर टीम का गठन किया गया था। तकनीकी जानकारी के आधार पर एक युवक की पहचान की गई। उसे पकड़ने के लिए चेराई ओसियां में टीम की ओर से लगातार दो दिन तक कैंप लगाकर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आज वाहन चोर रावल राम (25) पुत्र बन्ना राम भील निवासी महादेव नगर चेराई पुलिस थाना ओसिया को बाइक सहित दस्तयाब कर पूछताछ की गई।

पूछताछ में आरोपी रावल राम ने बाइक चुराना स्वीकार किया। उसके घर और आसपास खेतों में छुपा कर रखी चोरी की बाइक बरामद की गई। पुलिस ने बताया आरोपी नशे का आदि है जो नशे और शौक मौज के लिए दुपहिया वाहन चोरी करता है। वाहन चोरी करने के लिए आरोपी जोधपुर बस में बैठ कर आता था और जगह चिह्नित कर दो 3 घंटे तक रेकी करता था। यहां आस-पास लोगों के पास बैठकर बीड़ी पी कर उनसे बातें करता। इसके बाद सीसीटीवी कैमरे की नजरों से खुद को बचाकर मौका पाकर बाइक चुरा कर ले जाता था। बाइक चुराने के लिए मास्टर चाबी को काम में लेता था। यहां से गाड़ी को चोरी करके अपने गांव ले जाकर खेतों में छुपा कर रखता था।पुलिस कार्रवाई में एसआई देउ, एएसआई मुकेश कुमार, हेड कांस्टेबल घेवर राम, कॉन्स्टेबल विश्व प्रताप सिंह, श्यामलाल, रामगोपाल, शिवलाल शामिल रहे।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

क्रिकेट : अश्विन ने झटके 12 विकेट, 33वीं बार पारी में किए पांच शिकार

भारत ने तीन दिन में जीता टेस्ट पारी, 141 रन से हारा वेस्टइंडीज

एजेंसी ▶▶| रोसीयू

दुनिया के शीर्ष गेंदबाज रविचंद्रन अश्विन ने लगातार दूसरी बार पारी के पांच विकेट लिए जिसकी मदद से भारत ने वेस्टइंडीज को पहले क्रिकेट टेस्ट में तीसरे ही दिन एक पारी और 141 रन से हरा दिया। भारत ने पहली पारी शुक्रवार को पांच विकेट पर 421 रन पर घोषित करके 271 रन की बढ़त ली थी। पहली पारी में 150 रन बनाने वाली कैरेबियाई टीम दूसरी पारी में 50 ओवर में 130 रन पर ढेर हो गई।

पहली पारी में भी सात विकेट लेने वाले अश्विन ने दूसरी पारी में 21.3 ओवर में 71 रन देकर सात विकेट लिए। एक पारी में पांच या अधिक विकेट लेने का कारनामा उन्होंने 33वीं बार किया है। भारत की जीत के सूत्रधार यशस्वी जायसवाल भी रहे जिन्होंने पहले ही टेस्ट में 171 रन बनाए। वे प्लेयर ऑफ द मैच रहे। कप्तान रोहित शर्मा ने भी शतकीय पारी खेली। विराट कोहली ने 76 रन बनाए। इसके अलावा उन्हें दो जीवनदान भी मिले। दूसरा और आखिरी टेस्ट पोर्ट आफ स्पेन में 20 जुलाई से खेला जाएगा। भारत ने 2002 से वेस्टइंडीज में एक भी टेस्ट नहीं गंवाया है।

स्पिनर्स को 17 विकेट

मुकाबले में भारतीय स्पिनर्स ने दमदार प्रदर्शन किया। इस मुकाबले में वेस्टइंडीज के 20 में से 17 विकेट स्पिनर्स ने ही चटकाए। स्पिनर्स ने पहली पारी में 8 और दूसरी पारी में 9 विकेट हासिल किए। मुकाबले में रविचंद्रन अश्विन ने 12 विकेट हासिल किए। उन्होंने दोनों पारियों में 5 प्लस विकेट लिए। उन्होने पहली पारी में 5 और दूसरी पारी में 7 विकेट झटके।

भारत की 10वीं जीत

भारत ने वेस्टइंडीज में 10वीं टेस्ट जीत हासिल की। इसी के साथ भारत के बाहर किसी भी देश में टीम की सबसे ज्यादा जीत हो गई। वेस्टइंडीज के बाद भारत ने इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया और श्रीलंका में 9-9 मैच जीत रखे हैं।

अश्विन ने बनाए 5 रिकॉर्ड्स

1. अश्विन इंटरनेशनल क्रिकेट में भारत के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले दूसरे गेंदबाज बन गए। तीनों फॉर्मेट मिलाकर उनके 709 विकेट हो गए। उनसे आगे अब सिर्फ अनिल कुंबले हैं। कुंबले के नाम 953 विकेट हैं।
2. रविचंद्रन अश्विन के नाम टेस्ट मैच में 8 बार 10 या उससे ज्यादा विकेट हो गए। भारत से सबसे ज्यादा 10 प्लस विकेट लेने के रिकॉर्ड में उन्होंने अनिल कुंबले की बराबरी की।
3. अश्विन ने छठी बार दोनों पारी में 5 प्लस विकेट लिए। हेराथ ने 8 और मुरलीधरन ने 11 बार दोनों पारियों में 5 प्लस विकेट लिए हैं।
4. अश्विन ने 12 विकेट लेकर वेस्टइंडीज में किसी भी स्पिनर द्वारा बेस्ट परफॉर्मेंस किया। उन्होंने सईद अजमल के 11 विकेट लेने का रिकॉर्ड तोड़ा। अश्विन ने वेस्टइंडीज में चौथी बार 5 प्लस विकेट लिए।
5. रविचंद्रन अश्विन ने दूसरी पारी में 7 विकेट लिए, इसके साथ ही टेस्ट में उनके नाम 34 बार 5 प्लस विकेट लेने का रिकॉर्ड दर्ज हो गया। कुंबले के नाम 35 बार 5 प्लस विकेट लेने का रिकॉर्ड हैं।

मार्केटा वोंद्रोसोवा ने रचा इतिहास

60 वर्षों में पहली बार गैर वरीय खिलाड़ी बनी विंबलडन चैंपियन

एजेंसी ▶▶| विंबलडन

गैर वरीयता प्राप्त मार्केटा वोंद्रोसोवा ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए शनिवार को यहां महिला एकल के फाइनल में ओन्स जाबेउर को सीधे सेटों में पराजित करके विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट का खिताब जीता। चेक गणराज्य की 24 वर्षीय खिलाड़ी वोंद्रोसोवा ने पिछले साल की उपविजेता और छठी वरीयता प्राप्त जाबेउर को 6-4, 6-4 से हराकर अपना पहला ग्रैंड स्लैम खिताब हासिल किया। बाएं हाथ से खेलने वाली वोंद्रोसोवा की विश्व रैंकिंग 42 है। वह पिछले 60 वर्षों में विंबलडन खिताब जीतने वाली पहली गैर वरीय खिलाड़ी बनीं।

वोंद्रोसोवा दोनों सेट में पिछड़ रही थी लेकिन पहले सेट में उन्होंने लगातार चार अंक बनाकर जीत दर्ज की जबकि दूसरे सेट में अंतिम तीन गेम जीतकर खिताब अपने नाम किया। यह उनका पहला ग्रैंड स्लैम खिताब है। वह 2019 में फ्रेंच ओपन के फाइनल में हार गई थी। वोंड्रोसोवा ने सेमीफाइनल में यूक्रेन की एलिना स्वितोलिना को हराया था। दूसरी ओर, ओंस जेब्यूर लगातार दूसरी बार खिताबी मुकाबले में उतरीं, लेकिन उन्हें एक बार फिर निराशा हाथ लगी।

देश को तीसरा खिताब : वोंड्रोसोवा विंबलडन जीतने वाली चेक गणराज्य की तीसरी खिलाड़ी बनीं। उनसे पहले 1998 में जाना नोवोत्ना जीती थीं। उनके बाद पेत्रा क्वितोवा ने 2011 और 2014 में खिताब पर कब्जा किया था।

आज जोकोविच के सामने अलकराज की चुनौती

दूसरी वरीयता प्राप्त नोवाक जोकोविच विंबलडन के फाइनल मुकाबले के लिए रविवार को मैदान में उतरेंगे। उनकी नजरें दिग्गज रोजर फेडरर के आठ खिताब के रिकॉर्ड पर बराबरी करने की होगी। इसके लिए उन्हें शीर्ष वरीयता प्राप्त कार्लोस अलकराज की चुनौती से पार पाना होगा। रिकॉर्ड 23 ग्रैंड स्लैम जीत चुके जोकोविच ने सात बार विंबलडन पुरुष एकल का खिताब जीता है। रिकॉर्ड फेडरर के नाम है जो आठ बार इसके चैंपियन बने हैं। इस मैच में अनुभव और युवा जोश का मुकाबला देखने को मिलेगा। जोकोविच 36 साल के है जबकि अलकराज 20 बरस के है। किसी ग्रैंड स्लैम के फाइनल में 1974 यह बाद यह उम्र का सबसे बड़ा फासला होगा।

खबर संक्षेप

हमारे बल्लेबाजों ने निराश किया : ब्रेथवेट

रोसीयू। वेस्टइंडीज के कप्तान क्रेग ब्रेथवेट ने अपने बल्लेबाजों पर जमकर भड़ास निकालते हुए कहा कि भारत के खिलाफ पहले टेस्ट में उन्होंने निराश किया। वेस्टइंडीज की टीम पहली पारी में 150 और दूसरी पारी में 130 रन पर आउट हो गई थी। ब्रेथवेट ने मैच के बाद कहा, 'हमने बल्लेबाजी में निराशाजनक प्रदर्शन किया। पहली पारी का स्कोर पर्याप्त नहीं था। मैं भी रन नहीं बना सका। कप्तान होने के नाते मुझे मोर्चे से अगुवाई करके रन बनाने चाहिए थे।'

प्रशंसकों के साथ नाइंसाफी होगी : मिस्बाह

कराची। पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेट कप्तान मिस्बाह उल हक ने अपने देश की टीम को भारत में एकदिवसीय विश्व कप में प्रतिस्पर्धा करने की अनुमति देने की वकालत करते हुए कहा कि अगर ऐसा नहीं हुआ तो यह 'प्रशंसकों' के साथ नाइंसाफी होगी जो चिर प्रतिद्वंद्वी भारत के खिलाफ मैच नहीं देख पाएंगे। इस 49 साल के पूर्व कोच ने शुक्रवार को यहां एक समारोह में कहा, 'दोनों देश जब अन्य खेलों में एक-दूसरे का सामना कर सकते है तो क्रिकेट में क्यों नहीं। क्रिकेट को राजनीतिक संबंधों से क्यों जोड़ा जाए? लोगों को अपनी टीमों को एक-दूसरे के खिलाफ खेलते देखने के मौके से वंचित करना अनुचित है।'

एशियाई चैंपियनशिप : श्रीशंकर ने जीता रजत पदक, पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई

एजेंसी ▶▶| बैंकॉक

भारत के लंबी कूद के एथलीट मुरली श्रीशंकर ने शनिवार को एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में अपने कॅरियर के 8.37 मीटर के दूसरे सर्वश्रेष्ठ प्रयास से रजत पदक जीतकर 2024 पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया।

श्रीशंकर (24 वर्ष) ने अपने अंतिम राउंड की 8.37 मीटर की कूद से ओलंपिक क्वालीफिकेशन हासिल किया। पेरिस ओलंपिक के लिए मानक 8.27 मीटर का है और क्वालीफिकेशन समय एक जुलाई से शुरु हुआ। चीनी ताइपे के यु टांग लिन ने चौथे राउंड में 8.40 मीटर की कूद से स्वर्ण पदक जीता जो इस सत्र में विश्व का तीसरा सर्वश्रेष्ठ प्रयास था। श्रीशंकर अपने दूसरे ओलंपिक में हिस्सा लेंगे। वह टोक्यो ओलंपिक में क्वालीफिकेशन राउंड में बाहर हो गए थे।

भारतीय रिले टीम बनी चैंपियन

राजेश रमेश, ऐश्वर्या मिश्रा, अमोज जैकब और सुभा वेंकटेशन की भारतीय मिश्रित चार गुणा 400 मीटर रिले चौकड़ी ने तीन मिनट 14.70 सेकेंड के समय से स्वर्ण पदक जीता जबकि सर्वेश अनिल कुशारे और स्वप्ना बर्मन ने क्रमशः पुरुषों की ऊंची कूद और हेप्टाथलॉन में रजत पदक जीते। कुशारे के लिए यह पहला बड़ा अंतरराष्ट्रीय पदक है। उनकी पिछली सफलताओं में 2019 दक्षिण एशियाई खेलों का स्वर्ण पदक शामिल है। भारत ने अभी तक 14 पदक जीत लिए हैं जिसमें छह स्वर्ण, चार रजत और चार कांस्य पदक शामिल हैं।

48 साल से स्वर्ण का इंतजार

राष्ट्रमंडल खेल 2022 में कांस्य पदक जीतने वाले श्रीशंकर ने पिछले महीने राष्ट्रीय अंतरराज्यीय चैम्पियनशिप के क्वालीफिकेशन दौर के दौरान 8.41 मीटर की कूद से अगस्त में होने वाली बुडापेस्ट विश्व चैंपियनशिप के लिए पहले ही क्वालीफाई कर लिया था। यह उनके कॅरियर की सर्वश्रेष्ठ कूद भी रही। टीसी योहानन के 1975 चरण में पोडियम में शीर्ष पर रहने के बाद कोई भी भारतीय एशियाई चैंपियनशिप की लंबी कूद स्पर्धा का स्वर्ण पदक नहीं जीत सका है। लंबी कूद में पदक जीतने वाले पिछले भारतीय के प्रेम कुमार थे जिन्होंने 2013 में रजत पदक जीता था।

हैदराबाद ने नोल्स के साथ करार किया

हैदराबाद। इंडियन सुपर लीग की चैंपियन हैदराबाद एफसी ने ऑस्ट्रेलिया के अग्रिम पंक्ति के फुटबॉल खिलाड़ी जो नोल्स के साथ शनिवार को अनुबंध की घोषणा की। इस 27 साल के खिलाड़ी ने पिछले सत्र में ए-लीग (ऑस्ट्रेलिया की शीर्ष घरेलू फुटबॉल लीग) में ब्रिसबेन रोअर का प्रतिनिधित्व किया था।

ऋतुराज को भारत की कमान, रिंकू की एंट्री

5 सदस्यीय टीम में जगह नही बना सके अनुभवी बल्लेबाज धवन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

19वें एशियाई खेलों के लिए भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम का ऐलान कर दिया गया है। 15 सदस्यीय टीम की कप्तानी ऋतुराज गायकवाड़ के हाथों में रहेगी।

टीम में युवा खिलाड़ियों को जगह मिली है. रिंकू सिंह, प्रभसिमरन सिंह और जीतेश शर्मा जैसे स्टार प्लेयर भी भारतीय स्क्वॉड का हिस्सा हैं। इन तीनों खिलाड़ियों ने आईपीएल में शानदार प्रदर्शन किया था। टीम में अनुभवी बल्लेबाज शिखर धवन को जगह नहीं मिली है। मीडिया रिपोर्ट में कहा जा रहा था कि धवन एशियन गेम्स में टीम की कप्तानी करेंगे, लेकिन उन्हें स्क्वॉड में जगह भी नहीं मिल पाई। एशियाई खेलों का आयोजन 2023 में 23 सितंबर से आठ अक्टूबर तक चीन के हांग्जो में किया जाना है। चूंकि एशियाई खेलों की तारीखें वनडे वर्ल्ड कप (5 अक्टूबर-19 नवंबर) से टकरा रही हैं, जिसके चलते पुरुष इवेंट में दोयम दर्जे की भारतीय टीम को चुना गया है।

भारतीय पुरुष टीम : ऋतुराज गायकवाड़ (कप्तान), यशस्वी जयसवाल, राहुल त्रिपाठी, तिलक वर्मा, रिंकू सिंह, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), वॉशिंगटन सुंदर, शाहबाज अहमद, रवि बिश्नोई, आवेश खान, अर्शदीप सिंह, मुकेश कुमार, शिवम मावी, शिवम दुबे, प्रभसिमरन सिंह (विकेटकीपर)। स्टैंडबाय प्लेयर्सः यश ठाकुर, साई किशोर, वेंकटेश अय्यर, दीपक हुडा, साई सुदर्शन।

भारतीय महिला टीम : हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), शेफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, दीप्ति शर्मा, ऋचा घोष (विकेटकीपर), अमनजोत कौर, देविका वैद्य, अंजलि सरवानी, तितास साधु, राजेश्वरी गायकवाड़, मिन्नू मणि, कनिका आहूजा, उमा छेत्री (विकेटकीपर), अनुषा बारेड्डी।

महिला हॉकी टीम का चीन के खिलाफ मैच आज

एजेंसी ▶▶| लिम्बर्ग

भारतीय महिला हॉकी टीम जर्मनी दौरे पर रविवार को चीन के खिलाफ अपने पहले मुकाबले के लिए मैदान पर उतरेगी तो उसकी कोशिश एशियाई खेलों के लिए अपनी खामियों को दूर कर तैयारियों को अमली जामा पहनाने की होगी। भारतीय टीम इस दौरे में तीन मैच खेलेगी। चीन के बाद यह टीम जर्मनी के खिलाफ 18 और 19 जुलाई को क्रमशः विस्बाडेन और रसेलहेम में दो मैच खेलेगी।

गोलकीपर सविता पूनिया की अगुवाई वाली भारतीय टीम को दौरे के पहले मैच में चीन को परखने का मौका मिलेगा। चीन की टीम एशियाई खेलों में अपनी घरेलू सरजमीं का फायदा उठाने की कोशिश करेगी। सविता ने कहा, 'यह दौरा भारतीय महिलाओं के लिए बहुत महत्व रखता है क्योंकि यह 23 सितंबर से आठ अक्टूबर तक चीन के हांग्झोउ में होने वाले महाद्वीपीय खेलों से पहले अपना आकलन कर पाएगी। इससे हमें सुधार की जरूरत है के बारे में पता चलेगा।' इस मुकाबले से पहले अगर रैंकिंग को देखें तो आठवें स्थान पर काबिज भारतीय टीम 11वें स्थान की चीन की टीम पर जीत की दावेदार होगी। पिछली बार दोनों टीमें स्पेन और नीदरलैंड में एफआईएच महिला विश्व कप (2022) में एक-दूसरे से भिड़ी थीं, जहां मैच 1-1 से बराबरी पर समाप्त हुआ था। साल 2013 के महिला एशिया कप के बाद से दोनों टीमों का 17 बार आमना-सामना हुआ है, जिसमें भारत 10 मौकों पर विजयी रहा है, जबकि चीन ने पांच मैच जीते हैं और दो मैच बराबरी पर छूटे हैं।

योजनाओं पर कायम रहें खिलाड़ी

भारत के मुख्य कोच यानेक शॉपमैन चाहती हैं कि खिलाड़ी टीम की योजनाओं पर कायम रहें और दौरे पर अपनी ताकत के अनुसार खेलें। उन्होंने कहा, 'हमने दौरे से पहले शिविर का आयोजन किया था। हमें टीम के मजबूत पक्ष के बारे में पता है। चीन और जर्मनी दोनों के पास मजबूत और संतुलित टीमें हैं। हम अपनी ताकत के अनुसार खेलना जारी रखेंगे और अपनी योजनाओं पर कायम रहेंगे। हमें दौरे पर अच्छे नतीजे मिलने की उम्मीद है।'

सिंधू हारी, अमेरिकी ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचे लक्ष्य

एजेंसी ▶▶| काउंसिल ब्लफ्स

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधू सीधे गेम में हारकर अमेरिकी ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल से बाहर हो गई जबकि लक्ष्य सेन अंतिम चार में पहुंच गए। विश्व रैंकिंग में 12वें स्थान पर काबिज सिंधू को चीन की गाओ फांस जि ने 22-20, 21-13 से हराया। वहीं लक्ष्य ने भारत के ही शंकर मुथुसामी को 21-10, 21-17 से मात दी। लक्ष्य का सामना सेमीफाइनल में चीन के लि शि फेंग से होगा जिनके खिलाफ उनका जीत हार का रिकॉर्ड 5-3 का है।

सिंधू को 36वीं रैंकिंग वाली प्रतिद्वंद्वी ने काफी परेशान किया। पहले गेम में सिंधू लंबी रेलियां नहीं लगा सकी। दूसरे गेम में फांग जि ने सिंधू को स्वाभाविक खेल खेलने ही नहीं दिया। वहीं पुरुष एकल में लक्ष्य ने चेन्नई के 19 वर्ष के शंकर को आसानी से मात दी। उन्होंने 42 रेलियां लगाई जबकि शंकर 27 ही लगा सका। मुकाबला 38 मिनट तक चला।

स्वामी, प्रकाशक व मुद्रक प्रमोद कुमार शर्मा के लिए पूजा प्रिंटर्स सी-4, सुदर्शनपुरा, इंडस्ट्रीज एरिया, जयपुर से मुद्रित एवं 23, गोपी नगर, नियर कुकरखेड़ा मंडी गेट शरद कांटा गली, मुरलीपुरा, जयपुर से प्रकाशित किया जाता है। संपादक प्रमोद कुमार शर्मा। पत्रों में लेखकों द्वारा व्यक्त किए गए विचारों से संपादक एवं प्रकाशक की सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा। संपादक : प्रमोद कुमार शर्मा, मों. 8504812999 ई-मेल : Viksa.pramod999@gmail.com